♦ वर्ष - 35 ♦ अंक 68 ♦ www.skhnewstv.com ♦ 26 सितम्बर 2024 फिरोजाबाद ♦ पृष्ठ : 8 ♦ मूल्य : 1

दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति

SKH NEWS

R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)




अंदर के पेज

3 यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 में बोले योगी, उप्र बना देश का नया ग्रोथ इंजन

4 बूथों पर मनाई गई जनसंघ के संस्थापक पं० दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

5 प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सार्थक दिशा में होना चाहिएः आनंदीबेन पटेल

6 नाका चुंगी से जनसंपर्क मार्ग पर जाम से मिलेगी मुक्ति, बन रही है फोरलेन सड़क

7 हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ प्रांतीय संस्कृति महोत्सव 2024

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एआईआईबी के अध्यक्ष जिन लिकुन से की मुलाकात

### -सीतारमण ने कतर के वित्त मंत्री अली बिन अहमद अल कुवारी से की बातचीत

समरकंद/नई दिल्ली, 25 सितंबर (हि.स.)। केंद्रीय वित त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को



समरकंद में एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं सालाना बैठक से पहले एआईआईबी के अध्यक्ष जिन लिकुन से मुलाकात की। वित त मंत्री ने लिकुन को एआईआईबी का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने तथा नौ वर्षों की छोटी अवधि में ऋण परिचालन में तीव्र वृद्धि के लिए बधाई भी दी।

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने एआईआईबी के अध्यक्ष जिन लिकुन को सुझाव दिया कि बैंक को अपने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण को मजबूत करना जारी रखना चाहिए तथा सदस्य देशों, विशेष रूप से कम आय वाले देशों को तकनीकी सहायता तथा अन्य गैर-वित्तीय सेवाओं के माध्यम से वित्तीय संसाधन प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करनी चाहिए। उधर, एआईआईबी के अध्यक्ष ने भारत को दूसरा सबसे बड़ा शेयरधारक तथा सबसे बड़ा ग्राहक होने के नाते बैंक प्रशासन तथा समग्र विकास में भारत के योगदान की सराहना की तथा भारत के साथ संबंधों को और मजबूत करने के अवसरों का पता लगाने की इच्छा व्यक्त की।

इससे पहले निर्मला सीतारमण ने एआईआईबी की आयोजित सलाना बैठक से पहले कतर के वित्त मंत्री अली बिन अहमद अल कुवारी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों मंत्रियों ने द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना डीपीआई और बीआईटी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। भारत और कतर के बीच ऐतिहासिक और गहरे संबंधों का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि भारत कतर के साथ संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रहा है। सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है, जो इसे ऊर्जा, अवसंरचना, रसद, आतिथ्य, खाद्य सुरक्षा, स्टार्ट-अप आदि जैसे क्षेत्रों में कतर की संस्थाओं के लिए निवेश के अवसरों के लिए उत्कृष्ट गंतव्य बनाता है।

अली बिन अहमद अल कुवारी ने चर्चा के दौरान देशों के बीच विशेष और ऐतिहासिक संबंधों को दोहराया। मंत्री ने तेजी से बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था की सराहना की और भारत में एफडीआई की विशाल संभावनाओं का पता लगाने के विचार का भी स्वागत किया। वित त मंत्री के साथ उज् बेकिस् तान के दौरे पर गए वित त मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल ने सीमा पार भुगतान, डिजिटल लेन-देन को सुविधाजनक बनाने और फास्ट ट्रैक मोड में द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) को अंतिम रूप देने के क्षेत्रों में सहयोग पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की।

उल लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण 24 से 28 सितंबर, 2024 तक उज्बेकिस्तान की पांच दिवसीय आधिकारिक दौरे पर हैं। इस दौरान वह एआईआईबी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की 9वीं वार्षिक बैठक में भाग लेंगी। सीतारमण के साथ वित्त मंत्रालय के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भी है।

## भाजपा नेता वीरेंद्र सचदेवा ने प्रधानमंत्री मोदी के मेक इन इंडिया कार्यक्रम को सराहा

नई दिल्ली, 25 सितंबर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया'




कार्यक्रम की प्रशंसा की । उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आप 'मेक इन इंडिया' को विश्व में भी देखेंगे।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ह्यमेक इन इंडियाह्ण पहल ने भारत को एक वैश्विक उद्योग के रूप में स्थापित किया है, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और रोजगार के नए अवसरों का भी सृजन हुआ है। आज संपूर्ण विश्व भारत की तरफ आशा भरी निगाह से देख रहा है, क्योंकि यही देश है जो मनसा, वाचा, कर्मणा सभी भावों से वैश्विक उत्थान की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। उल्लेखनीय है कि स्वदेशी को बढ़ावा एवं संवर्धन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 सितंबर 2014 को 'मेक इन इंडिया' अभियान की शुरूआत की थी ।

## कंगना रनौत ने किसान कानून को लेकर दिए गए बयानों को लिया वापस, जताया खेद

नई दिल्ली, 25 सितंबर (हि.स.)।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कंगना रनौत ने बुधवार को जारी एक बयान में



अपने पिछले बयान को वापस लेते हुए स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने कहा कि अब वे एक कलाकार नहीं हैं बल्कि भाजपा की कार्यकर्ता हैं, इसलिए पार्टी का मत ही उनका मत है।

भाजपा सांसद कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में कहा कि पिछले कुछ दिनों में मीडिया ने मुझसे किसान कानून पर कुछ सवाल पूछे और मैंने सुझाव दिया कि किसानों को प्रधानमंत्री मोदी से किसान कानून वापस कराने का अनुरोध करना चाहिए। मेरे बयान से कई लोग निराश हैं। जब किसान कानून का प्रस्ताव आया तो हममें से कई लोगों ने इसका समर्थन किया लेकिन हमारे प्रधानमंत्री ने बड़ी संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ इसे वापस लिया और हम सभी कार्यकताओं का कर्तव्य है कि हम उनकी बातों को सम्मान दें। उन्होंने कहा कि वे कोई कलाकार नहीं हैं, अब वे भारतीय जनता पार्टी की कार्यकर्ता हैं।

उन्होंने गलती मानते हुए कहा कि उनकी राय निजी राय की जगह पार्टी की होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जिन शब्दों से लोगों को निराशा हुई है, उन शब्दों को वे वापस लेती हैं।

उल्लेखनीय है कि बॉलीवुड एक्ट्रेस और भाजपा सासंद कंगना रनौत ने निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को फिर से लागू करने को लेकर टिप्पणी की थी।

जिसके बाद उनको अपनी ही पार्टी से भी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की भाजपा ने खुद को कंगना के बयान से अलग कर लिया। जिसके बाद कंगना को आगे आकर सफाई देनी पड़ी है।

## कच्चे हीरे की कमी से डायमंड इंडस्ट्री परेशान, कीमत में जोरदार तेजी की आशंका

नई दिल्ली, 25 सितंबर (हि.स.)। ज्वेलरी पहनने के



शौकीन लोगों को अब अपने शौक को सीमित करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। वैश्विक तेजी के कारण सोना और चांदी की कीमत फिलहाल ऑल टाइम हाई लेवल पर पहुंची हुई है। अब हीरे की कीमत में भी जोरदार तेजी आने की आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कच्चे हीरे की कीमत में करीब 40 प्रतिशत तक का इजाफा हो सकता है। ऐसा होने पर फिनिश्ड हीरे और हीरे से बने जेवरात की कीमत में भी जोरदार उछाल सकता है।

आपको बता दें कि दुनिया भर में फिलहाल हर साल 80 से 85 लाख कैरेट कच्चे हीरे की मांग है। लेकिन सप्लाई के मोर्चे पर फिलहाल 70 से 72 लाख कैरेट कच्चे हीरे की ही उपलब्धता हो पा रही है। ऐसी स्थिति में पिछले 6 महीने में ही कच्चे हीरे की कीमत में 35 प्रतिशत तक का इजाफा हो चुका है। माना जा रहा है कि पिछले 20 से 25 सालों के दौरान कच्चे हीरो के दोहन में काफी तेजी आई है, जिसकी वजह से जिन खदानों से पहले हीरे निकाले जाते थे, वहां से ज्यादातर हीरे निकाले जा चुके हैं। अब इन खदानों से हीरा निकाले में अधिक मेहनत और पैसा दोनों लग रहा है।

फिलहाल जिम्बाब्वे में दुनिया का सबसे बड़ा हीरे का भंडार बचा हुआ है। ऐसा भी सिर्फ इसलिए है, क्योंकि वर्ल्ड डायमंड काउंसिल की पाबंदी की वजह से जिम्बाब्वे के हीरे को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचने पर रोक लगी रही। एक अनुमान के मुताबिक जिम्बाब्वे में हीरे का इतना बड़ा भंडार मौजूद है कि वहां की खदानों से सालाना 15 लाख कैरेट कच्चा हीरा मिल सकता है।

कच्चे हीरे की सप्लाई में कमी होने से भारत जैसे देश में भी संकट की स्थिति बन सकती है। हीरे की कटिंग के मामले में भारत दुनिया भर में सबसे ऊंचा स्थान रखता है। सूरत में दुनिया भर में सबसे अधिक हीरे की कटिंग का काम होता है। जानकारों का कहना है

कि अगर कच्चे हीरे की सप्लाई में कमी आई तो इसकी कीमत में और भी अधिक उछाल सकता है जिसकी वजह से फिनिश्ड हीरे की कीमत में भी काफी तेजी आ सकती है। इसके साथ ही कच्चे हीरे सप्लाई में कमी होने से डायमंड कटिंग के काम में लगे लोगों के सामने रोजगार का संकट भी बन सकता है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 80 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य हासिल

नई दिल्ली, 25 सितंबर (हि.स.)। केन्द्रीय पर्यावरण वन




एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पौधरोपण अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण लक्ष्य हासिल कर लिया है। मंत्रालय ने सितम्बर तक 80 करोड़ पौध रोपण का लक्ष्य रखा, जिसे पांच दिन पहले ही प्राप्त कर लिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि यह सरकारी एजेंसियों, ग्राम स्तरीय संस्थानों, स्थानीय लोगों और अन्य हितधारकों के सामूहिक प्रयासों से संभव हुआ है।

उल्लेखनीय है कि एक पेड़ मां के नाम विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को शुरू किया गया एक विशेष देशव्यापी पौधरोपण अभियान है। अभियान के तहत लोगों को अपनी मां के लिए प्यार, सम्मान और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने और साथ ही एक पेड़ लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वृक्षों और धरती माता की रक्षा के संकल्प के साथ इस अभियान का उद्देश्य भूमि क्षरण को रोकना और निम्नीकृत भूमि खंडों की पर्यावरण-पुनर्स्थापना करना है।

## राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडल बोर्डिंग चैंपियनशिप 2024 के लिए दर्ज हुई रिकॉर्ड भागीदारी

रामेश्वरम, 25 सितंबर (हि.स.)। पाल्कबे एसयूपी चैलेंज, राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडल बोर्डिंग चैंपियनशिप, ने 120 से अधिक पंजीकरण के साथ एक



नया रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो इस इवेंट के इतिहास में अब तक की सबसे अधिक भागीदारी है।

राष्ट्रीय एसयूपी चैंपियनशिप का आयोजन 28 और 29 सितंबर को पाल्कबे, रामेश्वरम के सुंदर पिरप्पनवलसी बीच पर किया जाएगा। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 9 राज्यों से 120 से अधिक एथलीट्स स्प्रिंट (200 मीटर), टेक्निकल (4 किलोमीटर) और डिस्टेंस (12 किलोमीटर) श्रेणियों में, पुरुष, महिला, ग्रोम्स (व-16), डिफेंस और ओपन पांच डिवीजनों में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इस इवेंट का आयोजन क्वेस्ट एकेडमी द्वारा सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में किया जाएगा जिसे तमिलनाडु सर्फिंग एसोसिएशन द्वारा समर्थित किया गया है, जो तमिलनाडु स्पोर्ट्स डेवलपमेंट अथॉरिटी (एसडीएटी) से संबंधित है।

तमिलनाडु के मौजूदा चैंपियन सेकर पचाई, जिन्होंने पुरुषों की श्रेणी में टेक्निकल और डिस्टेंस खिताब जीते थे, और मोनिका पुगझरासु, जिन्होंने स्प्रिंट और डिस्टेंस खिताब जीते थे, अपने खिताब की रक्षा के लिए वापसी करेंगे।

मौजूदा स्प्रिंट चैंपियन एम मणिकंदन, सेकर के अन्य दो खिताबों को चुनौती देने की कोशिश करेंगे, जबकि पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन तन्वी जगदीश अपने खिताब को मोनिका से वापस जीतना चाहेंगी।

अन्य होनहार स्टैंड-अप पैडलर्स, मुथु कुट्टी, अजित गोविंद और राजा पांडियन पुरुषों की श्रेणी में जबकि आनंदी आरती, यामिनी कन्नन और विजयलक्ष्मी इरुलप्पन महिलाओं की श्रेणी में कड़ी प्रतिस्पर्धा देंगे, साथ ही नए स्टैंड-अप पैडलर्स भी चुनौती पेश करेंगे। ग्रोम्स (व-16) श्रेणी में अकाश पुजार, कालिदास और मुथुकुमार पे सभी की नजरे होंगी।

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष, अरुण वासु ने कहा, "सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडल बोर्डिंग भारत को वैश्विक मंच पर, विशेषकर ओलंपिक में, पदक हासिल करने का एक रास्ता प्रदान करते हैं।"

उन्होंने मालदीव में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में भारत की हालिया सफलता का भी उल्लेख करते हुए कहा, "मालदीव में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप में हमारे एथलीटों के प्रदर्शन के चलते हमने आगामी एशियाई खेलों के लिए दो स्थान सुरक्षित किए हैं।"

## प्रधानमंत्री मोदी की जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं से दूसरे चरण के चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील

नई दिल्ली, 25 सितंबर



(हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव में आज हिस्सा ले रहे युवा मतदाताओं का अभिनंदन करते हुए सभी मतदाताओं से वोट डालने की अपील की है। उन्होंने एक्स हैंडल पर लिखा है, '' जम्मू-कश्मीर में आज विधानसभा चुनाव के दूसरे दौर की वोटिंग है। सभी वोटर्स से मेरी अपील है कि वो अपना वोट जरूर दें और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। इस अवसर पर पहली बार वोट डालने जा रहे सभी युवा साथियों को मेरा अभिनंदन।''

उल्लेखनीय है कि केंद्रशासित राज्य जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए आज सुबह मतदान शुरू गया। दूसरे चरण में छह जिलों की 26 सीटों पर मतदाता का फैसला इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में बंद होगा। इस चरण में कश्मीर घाटी की 15 और जम्मू संभाग की 11 सीटों पर मतदान प्रारंभ हो चुका है। 25.78 लाख मतदाता 239 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे। दूसरे चरण में पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, जेकेपीसीसी अध्यक्ष तारिक हामिद कर्रा और भाजपा जम्मू-कश्मीर प्रमुख प्रमुख रविंदर रैना की किस्मत दांव पर है।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव-गरीब, किसान व महिलाएं : मुख्यमंत्री योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने पांच लोगों को बनाया सदस्य

लखनऊ, 25 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय के प्रणेता, महान चिंतक, विचारक और भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। उनकी दृष्टि व विजन के कारण विधानसभा क्षेत्र स्तर पर नहीं लड़ा जाता है, बल्कि चुनाव का कुरुक्षेत्र बूथ होता है। बूथ जीता तो चुनाव जीता। बूथ मजबूत है तो चुनाव पक्ष में है। इसी बुनियादी बात को ध्यान में रखकर भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में स्थापित हुई है। सीएम मकान, 12 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ प्राप्त हुआ है। यह दृष्टि समाज को समग्र रूप से विकास के पथ पर अग्रसर करने, सामाजिक विकास के माध्यम से सांस्कृतिक उत्थान व राष्ट्र के समग्र विकास की रूपरेखा को



गांव, गरीब, किसान व महिलाएं राजनीतिक दलों के एजेंडे के हिस्से बने। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने 60-70 वर्ष पहले विचारों के माध्यम से भारतीय राजनीति को जो जीवनदृष्टि दी, उनका चिंतन-मनन आज भी न केवल भारतीय लोकतंत्र, बल्कि राजनीतिक दलों द्वारा प्रारंभ किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में देखने को मिलता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर चारबाग रोड स्थित केकेसी कॉलेज के समीप दीनदयाल उपाध्याय स्मृतिका में लगी उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सदस्यता अभियान के तहत पांच लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने देश-प्रदेश व बूथ के लिए जो लक्ष्य तय किया है, हमारे कार्यकर्ता उसे आसानी से प्राप्त करेंगे। लखनऊ महानगर ने अब तक दो लाख 52 हजार 494 सदस्य बनाए हैं।

**बूथ ही होता है चुनाव का कुरुक्षेत्र**

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी कहते हैं कि चुनाव जिला, संसदीय-ने कहा कि सदस्यता महाभियान का लक्ष्य प्रदेश के सभी 75 व सांगठनिक दृष्टि से सभी 98 जनपदों में तेजी से आगे बढ़ना चाहिए।

**पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव-गरीब, किसान व महिलाएं**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में गांव, गरीब, किसान, समाज के दबे-कुचले लोगों व महिलाओं को स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर करने की दृष्टि है। हर हाथ को काम, हर खेत को पानी उनका उद्घोष था। वे कहते थे कि आर्थिक प्रगति का पैमाना ऊंचे पायदान पर नहीं, बल्कि सबसे नीचे पायदान पर खड़े व्यक्ति के माध्यम से की जानी चाहिए।

सीएम योगी ने कहाकि 70 वर्ष पहले पं. दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को जो दृष्टि दी थी, वह आज भी प्रासंगिक बनी है। इसी का परिणाम है कि कोरोना महामारी के दौरान से ही देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन, 12 करोड़ लोगों के घरों में शौचालय, 10 करोड़ घरों में उज्ज्वला योजना का निशुल्क सिलेंडर, 4 करोड़ गरीबों को बढ़ाने की है।

**हम सभी कर रहे नए भारत का दर्शन**

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उस विजन को दस वर्ष से धरातल पर उतारकर हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा ने पं. उपाध्याय की जयंती को अपने सदस्यता महाभियान की तिथि के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। लखनऊ महानगर की टीम बधाई की पात्र है, जिसने हर बूथ पर 100 सदस्य बनाने के बड़े अभियान को अपने हाथ में लिया है।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद बृजलाल, विधायक नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचंद्र प्रधान, लालजी प्रसाद निर्मल, पूर्व मंत्री मोहसिन रजा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, पार्षद सुशील तिवारी, बूथ अध्यक्ष मनीष कुमार आदि मौजूद रहे।

# लेजर शो के जरिए प्रदर्शित होगी यूपी की विकास गाथा और समृद्ध विरासत

### -योगी सरकार में प्रदेश की प्रगति को प्रदर्शित करेगा यूपी आईटीएस 2024 का लेजर शो

### - इंटरनेशनल ट्रेड शो के सबसे मुख्य आकर्षण में से एक होगा मनोरम लेजर शो

नोएडा, 25 सितंबर (हि.स.)। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के पांच

दिवसीय आयोजन के दौरान बहुप्रतीक्षित आकर्षणों में लेजर शो का आयोजन भी शामिल है।

इस प्रभावशाली आयोजन का शीर्षक 'उत्तर प्रदेश - समय और प्रगति के माध्यम से एक यात्रा' होगा।

27 और 28 सितंबर की शाम को इसका भव्य आयोजन होगा।

यह आकर्षक शो हॉल नंबर 14 और 15 के सामने खुले क्षेत्र में शाम 7 बजे शुरू होगा और दूसरे दिन भी इसका दोबारा प्रदर्शन होगा।

तकनीक के माध्यम से इस प्रभावशाली शो के जरिए दर्शकों को उत्तर प्रदेश के समृद्ध ऐतिहासिक और विकासात्मक माइलस्टोन को प्रदर्शित किया जाएगा।

लेजर प्रोजेक्शन के दौरान रोशनी और ध्वनि के जरिए राज्य के विकास के महत्वपूर्ण स्तरों को जीवंत करेगा।

प्रदेश की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत से लेकर व्यापार और उद्योग में इसकी वर्तमान उपलब्धियों तक का प्रदर्शन इस शो के जरिए किया जाएगा।

इस शो के जरिए दर्शक प्रगति की एक शानदार यात्रा के गवाह बनेंगे।

इसमें वे देखेंगे कि कैसे उत्तर प्रदेश अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत के साथ वाणिज्य, नवाचार और आर्थिक विकास के जीवंत केंद्र के रूप में बदल गया है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि लेजर शो में राज्य के वैभवशाली अतीत को भी प्रदर्शित किया जाएगा।

इसमें भारतीय सभ्यता, कला और संस्कृति में प्रदेश के शानदार योगदान को प्रदर्शित किया जाएगा।

साथ ही इसके वर्तमान और भविष्य पर भी प्रकाश डाला जाएगा, जिसमें इस बात पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा कि कैसे उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर भारत और एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना जैसी राष्ट्रीय आर्थिक पहलों का नेतृत्व कर रहा है।

अत्याधुनिक दृश्यों और एक प्रभावशाली कथा के लुभावने संयोजन के साथ लेजर शो यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में अवश्य देखे जाने वाला आकर्षण होगा।

न केवल मनोरंजन, बल्कि आगंतुकों को उत्तर प्रदेश की अपार संभावनाओं के बारे में भी इसके जरिए जानकारी दी जाएगी।

यह इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का मुख्य आकर्षण और सभी आगंतुकों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 में बोले योगी, उप्र बना देश का नया ग्रोथ इंजन

### -कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है एमएसएमई

### -उप्र के पास सर्वाधिक 75 जीआई टैग और एमएसएमई का भी सबसे बड़ा बेस

ग्रेटर नोएडा, 25 सितंबर (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी के साथ ही उत्तर प्रदेश एमएसएमई की सर्वाधिक यूनिट रखने वाला भी राज्य है। एक सर्वेक्षण के अनुसार उप्र के 75 इन्हें लेकर देश चिंतित था लेकिन मैं निश्चिंत था कि उप्र में इतना पोटेंशियल है कि 40 लाख नहीं, 4 करोड़ लोग भी आएंगे तो उप्र इन्हें जगह देगा। उप्र में प्रवेश करते ही सभी 40 लाख कामगारों की स्किल मैपिंग कराई गई और हर जनपद समेत अनेक कार्यक्रम होंगे, जो न केवल उप्र के पोटेंशियल, बल्कि सांस्कृतिक-सामाजिक विविधता के विभिन्न पक्षों को प्रदर्शित करने के साथ ही उचित फोरम के रूप में स्थापित भी करेंगे। यह उप्र के उद्यमियों के लिए अपने प्रोडक्ट को वैश्विक




जनपदों में 96 लाख एमएसएमई यूनिट है। कृषि के बाद उप्र में यह सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2024 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। इसके पूर्व योगी ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का स्वागत किया और ट्रेड शो में विभिन्न स्टॉल का अवलोकन भी किया।

**2017 में सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अनेक कार्यक्रमों को बढ़ाया**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सैकड़ों वर्ष से अलग-अलग क्षेत्रों में उप्र के अंदर रोजगार सृजन के लिए हस्तशिल्पियों और कारीगरों ने इन्हें बढ़ाने में योगदान दिया था लेकिन आजादी के बाद उचित प्रोत्साहन के अभाव व समय पर तकनीक न मिलने से वे बंदी के कगार पर पहुंच चुके थे। 2017 में उत्तर प्रदेश में हमारी सरकार आई तो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के विजन को धरातल पर उतारने के लिए अनेक कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया गया।

इसमें ओडीओपी के रूप में सभी 75 जनपदों का यूनिक प्रोडेक्ट तय किया गया। इसके प्रोत्साहन, ब्रांडिंग, मार्केटिंग, डिजाइनिंग, पैकेजिंग, टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए अभियान को बढ़ाया गया। उप्र में यह रोजगार सृजन के सबसे महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है।

**कोरोना के दौरान उप्र आने वाले श्रमिकों ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को किया मजबूत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के दौरान उप्र के श्रमिक अलग-अलग राज्यों में कार्य कर रहे थे। उनके सामने आजीविका का भीषण संकट खड़ा हुआ था। को इसका डाटा उपलब्ध कराने के साथ संबंधित यूनिट में कार्य का ऑफर दिया गया। इन लोगों ने आकर उप्र की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया।

**देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा उप्र**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के अभियान के साथ ही उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में प्रदेश तेजी से बढ़ रहा है। यह वही उप्र है, जो सात वर्ष पहले देश के विकास का बैरियर माना जाता था लेकिन आज यह देश के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में जाना जा रहा है। इसमें एमएसएमई सेक्टर की बड़ी भूमिका है। कोई भी बड़ा औद्योगिक निवेश बिना एमएसएमई बेस के आगे नहीं बढ़ सकता है।

**उप्र के पास सर्वाधिक 75 जीआई टैग**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उप्र में ऑनलाइन पंजीकरण के बाद यदि कोई एमएसएमई यूनिट आपदा का शिकार होती है तो राज्य शासन की तरफ से उसे पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हैं। प्रदेश में फ्लैटेड फैक्टरी और निजी क्षेत्र में प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क के निर्माण की कार्रवाई तेजी के साथ बढ़ी है। ओडीओपी योजना की सफलता के साथ ही उप्र के पास सर्वाधिक 75 जीआई टैग हैं। प्रोत्साहन के अभाव में जो उत्पाद दम तोड़ रहे थे, आज उसे आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। उप्र के अलग-अलग सेक्टर में भी अनेक कार्य हुए हैं। उप्र का जो प्रोडक्शन है, उन्हें भी शोकेस का अवसर यूपीआईटीएस उपलब्ध करा रहा है।

**यहां होंगे अनेक कार्यक्रम**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पांच दिन तक जी2जी, जी2बी मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर होगा।

**बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा उप्र**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उप्र न केवल एमएमएमई के बेहतरीन बेस, बल्कि बेहतरीन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भी जाना जा रहा है। वर्तमान में यूपी में छह एक्सप्रेसवे कार्य कर रहे हैं, सात पर कार्य चल रहा है। प्रदेश में 11 एयरपोर्ट कार्यरत हैं, 10 पर कार्य चल रहा है। चार अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील हैं जबकि देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को इस वर्ष तक बनाने का लक्ष्य है। देश का सबसे लंबा गंगा एक्सप्रेसवे भी पश्चिमी उप्र को पूर्वी उप्र से जोड़ रहा है। प्रयागराज महाकुंभ-2025 से पहले इसे क्रियाशील करने के लिए प्रयासरत हैं। रेल व सड़क का सबसे बेहतरीन नेटवर्क उप्र के पास है। उप्र सुदृढ़ कानून व्यवस्था के साथ ही स्किल और अनस्किल मैनपॉवर का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत सरकार दो करोड़ युवाओं को टैबलेट व स्मार्टफोन दे रही है।

**उप्र के उत्पादों को वैश्विक मंच तक पेश करने में सफल होगा ट्रेड शो**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच दिन तक चलने वाला ट्रेड शो उप्र के उत्पाद, पोटेंशियल, सांस्कृतिक विशेषता व सामाजिक विविधता को वैश्विक मंच तक प्रस्तुत करने में सफल होगा। 2500 से अधिक एग्जीबिटर्स, 350 से अधिक फॉरेन बॉयर्स उपस्थित हो चुके हैं।

पार्टनर कंट्री के रूप में वियतनाम के सहभागी बनने पर मुख्यमंत्री ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने वियतनाम के डेलीगेट्स से मुलाकात भी की।

# उप्र : नगरीय निकायों में 155 घंटे का चलेगा नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान

लखनऊ, 25 सितम्बर (हि.स.)। स्वच्छ भारत मिशन



नगरीय की अपर निदेशक ऋतु सुहास ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ह्लबापूह्व के स्वच्छता सन्देश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश की सभी निकायों में एकजुटता के साथ विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत 26 सितंबर को प्रातः 05 बजे से हो रही है।

प्रदेश के नगरों को वैश्विक नगरों की श्रेणी में स्थापित करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन नगरीय उत्तर प्रदेश द्वारा सभी निकायों में 155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान को 02 अक्टूबर, रात्रि 08 बजे तक चलाकर बापू को श्रद्धांजलि दी जायेगी। जिसकी निदेशालय स्तर से निरंतर लाईव मॉनीटरिंग भी की जाएगी।

अपर निदेशक ऋतु सुहास ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियां जैसे कि स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ घर, स्वच्छ फूड स्ट्रीट, कल्चरर फेस्ट आदि जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन कर समस्त सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच, सफाई उपकरण, सुरक्षा किट वितरण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जायेगा।ऋतु सुहास ने बताया कि राष्ट्र को स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 155 वें जन्म दिवस पर श्रद्धांजलि देने के लिये 155 घंटे का नॉन-स्टॉप सफाई अभियान में प्रत्येक निकाय के समस्त वार्डों में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सभी गंगा टाउन क्षेत्रों में पूर्ण स्वच्छता हेतु घाट के आस-पास के क्षेत्रों और इसकी परिधि की साफ-सफाई, अर्पण कलश की स्थापना, प्लास्टिक निषेध क्षेत्र बनाना, नागरिकों की सहभागिता एवं घाट सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। समस्त स्टेक होल्डर्स, स्वयं सहायता समूह, विभागों, निकायों के अधिशासी अधिकारी व अन्य के साथ बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिसका राज्य स्तर से निदेशालय एवं स्वच्छ भारत मिशन द्वारा समय-समय पर अनुश्रवण व पर्यवेक्षण किया जाएगा, साथ ही गूगल शीट के माध्यम से प्रत्यके दिन निकायों द्वारा समस्त गतिविधियों का डाटा भी अपडेट किया जाएगा।

# सभी नगरीय निकायों में 155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियान' 26 सितंबर से 02 अक्टूबर तक

### -प्रदेश के सभी निकायों में 26 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलेगा विशेष सफाई अभियान

लखनऊ, 25 सितम्बर (हि.स.)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ह्लबापूह्व के स्वच्छता सन्देश को जन-जन तक पहुंचाने और उनके स्वभाव और संस्कार में स्वच्छता को स्थापित करने के लिए प्रदेश के सभी निकायों में एकजुटता के



साथ विशेष स्वच्छता अभियान की शुरूआत 26 सितंबर को प्रातः 05 बजे से हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश के नगरों को वैश्विक नगरों की श्रेणी में स्थापित करने के लिए स्वच्छ भारत मिशन नगरीय उत्तर प्रदेश द्वारा सभी निकायों में ह्यह्य155 घंटे का नॉन-स्टॉप महासफाई अभियानह्यह्य 02 अक्टूबर, रात 08 बजे तक चलाकर बापू को श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिसकी निदेशालय स्तर से निरंतर लाईव मॉनीटरिंग भी की जाएगी। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियां जैसे कि स्वच्छ स्कूल, स्वच्छ घर, स्वच्छ फूड स्ट्रीट, कल्चरर फेस्ट आदि जैसे कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन कर समस्त सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच, सफाई उपकरण, सुरक्षा किट वितरण तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया जाएगा।

समस्त वार्डों में श्रमदान कार्यक्रम अपर निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय ऋतु सुहास ने बताया कि राष्ट्र को स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 155वें जन्मदिवस पर श्रद्धांजलि देने के लिए ह्यह्यस्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 2024ह्यह्य के तहत समस्त नगरीय निकायों में '155 घंटे का नॉन-स्टॉप सफाई अभियान' 26 सितम्बर को प्रातः 05 बजे से शुरू किया जा रहा है और इसका समापन 02 अक्टूबर को रात 08 बजे होगा। इस दौरान प्रत्येक निकाय के समस्त वार्डों में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सभी गंगा टाउन क्षेत्रों में पूर्ण स्वच्छता हेतु घाट के आस-पास के क्षेत्रों और इसकी परिधि की साफ-सफाई, अर्पण कलश की स्थापना, प्लास्टिक निषेध क्षेत्र बनाना, नागरिकों की सहभागिता एवं घाट सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। समस्त स्टेक होल्डर्स, स्वयं सहायता समूह, विभागों, निकायों के अधिशासी अधिकारी व अन्य के साथ बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसका राज्य स्तर से निदेशालय एवं स्वच्छ भारत मिशन द्वारा समय-समय पर अनुश्रवण व पर्यवेक्षण किया जाएगा, साथ ही गूगल शीट के माध्यम से प्रत्यके दिन निकायों द्वारा समस्त गतिविधियों का डाटा भी अपडेट किया जाएगा। विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम का किया जा रहा आयोजन अपर निदेशक ने कहा कि नागरिकों के वृहद रूप से स्वच्छता में भागीदारी के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, जैसे ह्यएक पेड़ मां के नामह्य के अन्तर्गत वृक्षारोपण अभियान, कचरे के पृथक्कीकरण हेतु विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में जागरूकता अभियान, जीरो वेस्ट इवेंट, एनजीओ और एसएचजी मोबिलाइजेशन, मैराथॉन, साइक्लेथॉन और प्लॉगरन आदि जैसी गतिविधियां, पार्कों, पर्यटक स्थलों, सड़कों और फ्लाईओवरों की दीवार पेंटिंग और सौंदर्यीकरण आदि का कार्य किया जा रहा है। विभिन्न स्थानों में सास्कृतिक कार्यक्रमों जैसे कि नुक्कड नाटक, स्ट्रीट प्ले, रिसाइकिल फैशन शो आदि कराए जा रहे हैं। समस्त पार्कों में वेस्ट व रिसाइकिल वस्तुओं से पुनः निर्मित वस्तुओं द्वारा सौन्दर्यीकरण, जिस हेतु निकायों में बने वेस्ट-टू-वंडर पार्क को सुदृढ़ एवं बेहतर करने के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर भी वेस्ट-टू-आर्ट के माध्यम से विभिन्न वस्तुओं को लगाया जा रहा है। स्वच्छता की भागीदारी कार्यक्रमों में ब्रांड एम्बेसडर्स, स्वच्छ योद्धा, स्वच्छ चैपिंयन्स आदि नागरिकों का सहयोग लिया जा रहा है।

# राज्य सरकार जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के प्रति छात्राओं को जागरूक करेगी

लखनऊ, 25 सितम्बर (हि.स.)। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों और भविष्य में होने




वाले खतरों से निपटने के लिए कई देश और राज्य अपने-अपने स्तर पर ठोस कदम उठा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने एक नई पहल शुरू की है, जो कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की छात्राओं को न सिर्फ जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक करेगी बल्कि सुझाये गये उपायों को उनके व्यवहार में भी शामिल करने प्रेरित भी करेगी।

28 सितम्बर से 15 फरवरी 2025 तक चलने वाले इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों और उसके समाधान के बारे में जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों और छात्राओं के बीच सीधा संवाद स्थापित कराया जाएगा, ताकि बालिकाएं न केवल इस समस्या को समझें, बल्कि इसके समाधान के लिए अपने दैनिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव ला सकें।

इस पहल के अंतर्गत, यूनिसेफ के सहयोग से मीना मंच और केजीबीवी की छात्राओं व सुगमकताओं के साथ जागरूकता सत्रों की एक श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जो मीना मंच की गतिविधियों के साथ संयोजित रहेंगे। इन सत्रों का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से होगा। कार्यक्रम के विशेषज्ञों में से एक डॉ. अनीता भटनागर जैन (सेवानिवृत्त आईएएस) इन सत्रों के दौरान बालिकाओं के साथ सीधा संवाद करेंगी।

सत्र के दौरान छात्राओं को विभिन्न टास्क दिए जाएंगे, जिनका संकलन गूगल फॉर्म के माध्यम से किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें व्यवहारिक रूप से सक्षम बनाना है ताकि वे जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों का सामना कर सकें और अपने जीवन कौशल को सशक्त कर सकें।

छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से बचने के उपायों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह पहल आने वाली पीढ़ियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और उनके व्यवहार में सतत विकास की भावना विकसित करने के प्रयासों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

योगी सरकार का यह कदम न केवल छात्राओं में बल्कि समाज के व्यापक वर्गों में भी जागरूकता फैलाने में सहायक साबित हो सकता है, जिससे जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में मदद मिलेगी।

# पुलिस के पहुंचने के बाद किसानों की लाइन लगवा वितरित की गई खाद

## -खाद लेने के लिए किसानों की उमड़ी भीड़



हमीरपुर, 25 सितम्बर (हि.स.)। काफी अरसे के बाद मौदहा नगर की सरकारी समितियों में बुधवार को खाद आने की खबर मिलते ही सुबह से ही किसानों ने समितियों में पहुंच लाइन लगानी शुरू कर दी। पीएससी केंद्र में वितरण में लापरवाही होते देख किसानों ने हंगामा काट पथराव भी किया। हालांकि पुलिस के पहुंचने के बाद किसानों की लाइन लगवा खाद वितरित की गई। इस खाद्य वितरण में महिला किसानों को धक्का मुक्की का सामना करना पड़ा।

अरसे के बाद मौदहा नगर के पीसीएफ केंद्र व क्रय विक्रय समिति में डीएपी खाद आने की भनक लगते ही नगर समेत क्षेत्र के किसानों ने आज सरकारी समितियों में पहुंच कर खाद पाने के लिए लाइन में बैठने लगे। दस बजते बजते किसानों की लाइन लंबी होती गई। पीसीएफ केंद्र में जैसे ही खाद वितरण खिड़की खुली तो पहले खाद पाने के चक्कर में किसानों ने आपस में धक्का मुक्की शुरू कर दी। लाइन के अलावा दबंग किसानों को सीधा खिड़की पहुंच खाद लेता देख लाइन में लगे पीछे किसानों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। वहीं कुछ किसानों ने पथराव भी किया। हालांकि पुलिस के पहुंचने के बाद पुलिस प्रशासन ने पुरुष व महिला किसानों की अलग-अलग लाइनें लगवा प्रति किसान पांच बोरी डीएपी खाद वितरित करवाई, इसके बावजूद कई किसान खाद पानी से वंचित रह गए।

केंद्र के प्रभारी रामशंकर ने बताया कि 1100 बोरी डीएपी खाद आई थी, जो किसानों में वितरित कर दी गई। वहीं नगर के क्रय विक्रय समिति में मंगलवार को 500 बोरी खाद आने पर वहां भी किसानों की भीड़ खाद पाने के लिए उमड़ पड़ी। विक्रय के प्रभारी अतुल कुमार ने बताया कि 435 बोरी खाद मंगलवार को बंट गई थी, शेष 65 बोरी खाद बुधवार की सुबह किसानों को दी गई है। उन्होंने किसानों की संख्या देखते हुए प्रति किसान चार बोरी डीएपी खाद दी है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में किसानों को डीएपी खाद की सख्त आवश्यकता है लेकिन सरकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध न होने पर किसानों को बाजार की दुकानों से खाद लेना मजबूरी बना हुआ है।

# होटल आंत्रप्रेन्योर्स के लिए नोएडा में 'ड्रीम प्लॉट्स' की योजना लायी योगी सरकार

## -सीएम योगी के विजन अनुसार, नोएडा के सेक्टर 93बी में बजट होटल्स व सेक्टर 105, 142 तथा 135 में विभिन्न स्टार केटेगरी के होटल्स के निर्माण का मार्ग होगा प्रशस्त

-10 अक्टूबर को प्री बिड मीटिंग के जरिए तय होगी रूपरेखा, 17 अक्टूबर से इच्छुक आवेदनकर्ता ऑनलाइन जमा करा सकेंगे आवेदन नोएडा, 25 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नोएडा को अर्बन डायनेमिक सिटी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में सरकार नवीन ओखला विकास प्राधिकरण नोएडा परिक्षेत्र में होटलों की स्थापना के लिए एक नवीन स्कीम लेकर आई है। नोएडा क्षेत्र में होटल आंत्रप्रेन्योर्स के लिए ड्रीम प्लॉट्स की स्कीम मुख्यमंत्री योगी के विजन अनुरूप लाई गई है।

इस स्कीम के जरिए विभिन्न बजट व स्टार होटल्स के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। उल्लेखनीय है कि नोएडा के सेक्टर 93बी, 105, 142 तथा सेक्टर 135 में ई-ऑक्शन के माध्यम से योजना के अंतर्गत प्लॉट्स का आवंटन किया जाएगा। खास बात यह है कि 2,000 वर्गमीटर से लेकर 24,000 वर्गमीटर क्षेत्र तक के इन 6 प्लॉट्स के लिए 44.08 करोड़ से लेकर 410.70 करोड़ के बीच टोटल रिजर्व प्राइस निर्धारित किया गया है।

सेक्टर 93बी में होगी बजट होटल्स की स्थापना नवीन ओखला विकास प्राधिकरण द्वारा होटल आंत्रप्रेन्योर्स के लिए लायी गई ड्रीम प्लॉट्स की स्कीम के अंतर्गत, नोएडा के सेक्टर 93बी में बजट होटल्स की स्थापना के लिए प्लॉट आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। योजना के अंतर्गत सेक्टर 93बी में कॉम2 व कॉम 2ए के अंतर्गत 2000 वर्गमीटर के दो प्लॉट्स के लिए आवेदनकर्ता आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक प्लॉट की रिजर्व प्राइस 44.08 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। वहीं, योजना के अंतर्गत कॉम2बी के अंतर्गत 2090 वर्गमीटर के एक अन्य प्लॉट के लिए

भी होटल आंत्रप्रेन्योर्स आवेदन कर सकते हैं। इस प्लॉट की रिजर्व प्राइस 45. 61 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। योजना के अंतर्गत कुल 3 बजट होटल्स व तीन विभिन्न केटेगरी के स्टार होटल्स के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।

3 विभिन्न स्टार केटेगरीज के होटल्स का होगा निर्माण राज्य सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि ड्रीम प्लॉट्स स्कीम के अंतर्गत 3 अलग-अलग केटेगरीज के स्टार होटल्स के निर्माण का भी मार्ग प्रशस्त होगा। योजना के अंतर्गत सेक्टर 105 के प्लॉट एसडीसी-एच-2 के लिए भी होटल आंत्रप्रेन्योर्स ई ऑक्शन के माध्यम से बोली लगा सकेंगे। 7500 स्क्वेयर मीटर वाले इस प्लॉट के लिए टोटल रिजर्व प्राइस 138.18 करोड़ रखी गई है। इसी प्रकार, सेक्टर 142 के प्लॉट नंबर 11बी की टोटल रिजर्व प्राइस 98.83 करोड़ निर्धारित की गई है। ये प्लॉट 5200 वर्गमीटर प्रसार वाला होगा। वहीं, योजना के अंतर्गत सेक्टर 135 में स्थित प्लॉट एच2 को सबसे बड़ा और सबसे बड़ी रिजर्व प्राइस वैल्यू वाला प्लॉट माना जा रहा है। इस प्लॉट का कुल प्रसार 24000 वर्गमीटर है और इसका टोटल रिजर्व प्राइस 410.70 करोड़ रुपये आंका गया है। ऐसे में, होटल आंत्रप्रेन्योर्स इन तीनों प्लॉट्स का आवंटन प्राप्त कर विभिन्न स्टार केटेगरी के होटल्स का निर्माण कर सकेंगे।

प्राइम लोकेशन बेस्ड हैं सभी प्लॉट्स बजट व स्टार होटल्स की स्थापना के लिए योजना के जरिए आवंटित होने वाले सभी प्लॉट्स प्राइम लोकेशन बेस्ड हैं। फिलहाल, 10 अक्टूबर को प्री बिड मीटिंग के जरिए ड्रीम प्लॉट्स आवंटन स्कीम को आगे बढ़ाने की रूपरेखा तय होगी। 17 अक्टूबर से योजना के अंतर्गत इच्छुक आवेदनकर्ता ऑनलाइन माध्यम से आवेदन जमा करेंगे। वहीं, आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि 9 नवंबर निर्धारित की गई है।

# बूथों पर मनाई गई जनसंघ के संस्थापक पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



औरैया, 25 सितंबर (हि.स.) ' भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठन कर्ता, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाई।

दिबियापुर विधानसभा के शक्ति केंद्र हरराजपुर की बूथ संख्या 133 पर बूथ अध्यक्ष अंकुश राजपूत और शक्ति केंद्र सहयोगी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संघ के जिला महासचिव एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनमोहन सिंह सेंगर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर जयंती धूमधाम से मनाई।

शक्ति केंद्र सहयोगी मनमोहन सिंह सेंगर ने इस अवसर पर बूथ संख्या 133 बहादुरपुर में सभी मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से ही लगातार भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान चल रहा है। आप लोगों से आग्रह है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सदस्य बनें। केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की भाजपा सरकार आप लोगों के लिए समय-समय पर ढेर सारी योजनाएं और जनहित के कार्य करके लाभ पहुंचा रही है।

इसके साथ ही शक्ति केन्द्र सहयोगी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय एवं एकात्म मानवतावाद की विचारधारा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि बिना राष्ट्रीय पहचान के स्वतंत्रता की कल्पना व्यर्थ है और एक अच्छे व्यक्ति को शिक्षित करना वास्तव में समाज के हित में है। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि अवसरवाद से राजनीति के प्रति लोगों का विश्वास खत्म होता जा रहा है।

श्री सेंगर ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन से लगातार सभी भाजपाई सेवा पखवाड़ा के तहत जगह-जगह साफ सफाई, चिकित्सा शिविर, ब्लड डोनेशन और पार्टी की सदस्यता अभियान आदि कार्यक्रमों में जी-जान से जुटे हुए हैं।

बूथ कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर बड़ी संख्या में गांव के लोगों द्वारा भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की गई।

# झांसी में 1000 से अधिक महिलाओं का समूह संचालित कर रहा सरसों तेल का प्लांट

## -उत्पादन से लेकर बिक्री तक की जिम्मेदारी संभालती हैं महिलाएं

## -कई विकास खंडों में लघु उद्योग इकाइयां शुरू करने की तैयारी

## -योगी सरकार ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं उद्यमिता के लिए कर रही प्रेरित

झांसी, 25 सितंबर (हि.स.)। प्रदेश की योगी सरकार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित कर रही है। झांसी के बड़ागांव विकास खंड के ग्राम घुघुवा में स्वयं सहायता समूहों की 1000 से अधिक महिला सदस्यों ने मिलकर लगभग एक वर्ष पूर्व उज्ज्वला प्रेरणा लघु उद्योग की शुरूआत की और यहां सरसों का तेल निकालने का प्लांट शुरू किया गया। महिलाओं का अब तक का अनुभव उत्साहित करने वाला है और इस काम को बढ़ाने की तैयारी चल रही है।

एक साल पहले हुयी प्लांट की शुरूआत

लगभग एक साल पहले प्रायोगिक तौर पर इस प्लांट की शुरूआत की गयी थी और उद्योग के संचालन के लिए 12 महिला सदस्यों की एक कमेटी बनाई गयी। शुरूआत में उद्योग इकाई से समूहों की 561 महिलाएं जुड़ी थी और अब इनकी संख्या बढ़कर 1000 से अधिक हो चुकी है। आजीविका मिशन की ओर से इन महिलाओं को तकनीकी सहयोग भी प्रदान किया जाता है।

सफलतापूर्वक चल रहा तेल निकालने का काम

उज्ज्वला प्रेरणा लघु उद्योग की अध्यक्ष पार्वती देवी ने बताया कि वर्तमान समय में लगभग हर रोज 3 क्विंटल सरसो से तेल निकालने का काम किया जा रहा है। एक क्विंटल सरसो से लगभग 32 किलो तेल निकलता है। किसी तरह की दिक्कत सामने आती हैं तो उसमें आजीविका मिशन से जुड़े लोग मदद प्रदान करते हैं।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दुर्लभ पांडुलिपियों का किया निरीक्षण

## —सम्पूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय में राज्यपाल का कुलपति ने किया स्वागत बोली—दुर्लभ पांडुलिपियों का संरक्षण संतोषजनक,गतिशील करने का निर्देश

वाराणसी,25 सितम्बर (हि.स.)। प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने बुधवार को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन पुस्तकालय का निरीक्षण किया। पुस्तकालय में राज्यपाल ने संरक्षित दुर्लभ पांडुलिपियों, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के उपक्रम राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन के पाण्डुलिपि संरक्षण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दुर्लभ पांडुलिपियों का संरक्षण संतोषजनक है।

इसकी गति में और वृद्धि की जाये, इसके अंदर निहित भारत के ज्ञान संरक्षण के साथ-साथ इसका प्रकाशन हो और समाज के लिए प्रसारित हो। इसके पहले विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने परिसर में स्वागत किया। कुलपति प्रो. शर्मा ने बताया कि राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में सन 1896 में स्थापित सरस्वती भवन पुस्तकालय में पहुंच कर संग्रहीत 96 हजार दुर्लभ पाण्डुलिपियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उनमें से सात प्रमुख पाण्डुलिपियों क्रमशः श्रीम द्भागवतम्, रासपंचाध्यायी-सचित्र, भागवतगीता, दुर्गासप्तसती, यंत्रराजकल्पः, सिंहासन बत्तीसी और कृषि पद्धति पाण्डुलिपियों का बारीकी से निरीक्षण कर उनके बारे में जानकारी ली। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विस्तार भवन में चल रहे पाण्डुलिपि संरक्षण के कार्यों के तीनों प्रकारों प्रिवेंटिव, क्यूरेटिव और मेटाडाटा के निर्माण के गतिविधियों को देखा और उसके बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव राकेश कुमार, प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी, प्रो. रामपूजन पाण्डेय, प्रो. जितेन्द्र कुमार, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. राजनाथ, विनयाधिकारी प्रो. दिनेश कुमार गर्ग भी मौजूद रहे। पुस्तकालय में राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के निदेशक डॉ. अनिर्वाण दास ने पांडुलिपि से संबंधित स्मृति चिन्ह देकर राज्यपाल का स्वागत किया।

# सूचना में तथ्यों की पड़ताल जरूरी : डॉ. प्रज्ञा कौशिक

मेरठ, 25 सितम्बर (हि.स.)। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार की मीडिया एजुकेटर एवं सीएसआर की डिजिटल मेंटोर डॉ. प्रज्ञा कौशिक ने कहा कि चारों ओर गलत सूचनाओं की भरमार है। किसी सूचना को आगे भेजने से पूर्व तथ्यों की जांच-पड़ताल जरूरी है। इसमें हमें देखना होगा कि सूचना कहां से आ रही है। क्या सूचना पूरी है या अधूरी। सूचना के तथ्यों की कसौटी पर जांचना व परखना आज की बड़ी चुनौती बन गई।

विद्या नॉलेज पार्क स्थित पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में बुधवार को मीडिया ह्यलिटरेसी फॉर डिजिटल वेलनेसह्न विषय पर वेब संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रज्ञा कौशिक ने कहा कि देखा जाना चाहिये कि सूचना का स्रोत क्या है और वह कितना विश्वसनीय है। इसके लिये मीडिया से जुड़े लोगों को पूर्वाग्रह, पक्षपातपूर्ण सोच आदि से बचना होगा। यह आप पर निर्भर है कि आप कैसे गहन सोच के आधार पर निष्कर्ष तक पहुंचते हैं।

उन्होंने बताया कि तथ्यों की जांच के लिये कई उपकरण मौजूद हैं और इस क्षेत्र में तमाम संगठन और संस्थाएं कार्यरत हैं। मीडिया एवं सूचना साक्षरता के क्षेत्र में फैक्टशाला भी किसी सूचना के तथ्यों की पड़ताल करती है।

लिखित सामग्री के साथ फोटो और वीडियो की सच्चाई की पड़ताल संभव है। डिजिटल सुरक्षा हमारी सेहत के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रभाव डालता है। आप तक पहुंचने वाली सूचनाओं में कुछ इशारे होते हैं, उन्हें पकड़ना आना चाहिए।

वेबिनार के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. ममता भाटिया ने कहा कि आज सभी को स्वयं गेटकीपर की भूमिका निभानी होगी। जो कार्य एक संपादक करता है, उसे मुक्त सूचना के संसार में हम सभी को करना होगा। इस मौके पर विद्यार्थियों ने मुख्य वक्ता से सवाल भी पूछे। वेब संगोष्ठी का संचालन प्रथम वर्ष की छात्रा माही शारदा ने किया। इस मौके पर असिस्टेंट प्रोफेसर सूरज देव प्रसाद, असिस्टेंट प्रोफेसर अविनाश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कुशीनगर में एसडीएम की गाड़ी में ठोकर मारने वाला निकला साइबर ठग

कुशीनगर, 25 सितंबर (हि.स.)। जिले के कसया में एसडीएम की गाड़ी में ठोकर मारकर भाग रहा एक साइबर ठग को लोगों ने धर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना में एसडीएम को चोटें आई हैं। साइबर ठग बाड़ीपुल चौराहा पर पान दुकानदार को ठगी का शिकार बना भागने के दौरान एसडीएम की गाड़ी को पीछे से ठोकर मार दिया। उसके तीन साथी फरार हो गए। पकड़े गए ठग से पुलिस पूछताछ कर शेष की तलाश कर रही है। ठग बिल्कुल नए तौर तरीकों से ठगी में माहिर है और अब तक दर्जनों लोगों को ठग चुके हैं।

कसया के बाड़ीपुल चौराहा पर मोहन चौधरी की पान की दुकान है। बुधवार को दिन के 11 बजे कार सवार चार युवक दुकान पर रुके और 120 रुपये का पान एवं गुटखा खरीदा। एक युवक ने मोबाइल के फोन पे से दुकान के बैंक खाते का बार कोड स्कैन कर पैसा भेजा और डिलीवरी का मैसेज दुकानदार को दिखाया। चौधरी ने खाता चेक किया तो पैसा नहीं पहुंचा था। उन्होंने एतराज किया तो युवक बोले कि सामने खड़ी अर्टिगा गाड़ी में पैसा है, लाकर दे रहा हूं। फिर सभी युवक तेजी से गाड़ी में बैठ कर कसया की ओर भाग चले। दुकानदार ने मोटर साइकिल से उनका पीछा किया। कसया नवीन सब्जी मंडी के पास आकर कार सवार ठगों ने आगे चल रहे प्रशिक्षु एसडीएम व कसया के बीडीओ प्रिंस कुमार की गाड़ी में पीछे से ठोकर मार दिया। दुर्घटना में एसडीएम के कमर में चोट लगी है। दुर्घटना के कारण वाहन रुक गए। आसपास के दुकानदारों ने कार सवारों को घेर लिया। इतने में तीन युवक कार से उतर कर फरार हो गए लेकिन चालक पकड़ लिया गया। प्रशिक्षु एसडीएम ने तत्काल मौके से पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची। पकड़े गए ठग युवक एवं कार को कब्जे में लेकर थाने लाई। पकड़े गए ठग की पहचान कसया के पिपरी निवासी प्रियांशु पटेल के रूप में हुई है। पुलिस उससे पूछताछ कर पूरे गिरोह को पकड़ने में जुटी है।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने ठगों के पूरे गिरोह को पकड़ने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ठगी के नए तरीके से लोगों को सावधान किया है।

यह है नया ट्रेंडः

साइबर ठगों ने एक मोबाइल एप बनाया है। दुकान पर सामान लेकर ठग एप के माध्यम से मोबाइल के फोन पे से भुगतान कर रहे हैं। भुगतान के बाद डिलीवरी का मैसेज दुकानदार को दिखाकर ठगी का शिकार बना ले रहे हैं। जो दुकानदार अपने खाते का बैलेंस चेक कर रहा है उसे तो भुगतान नहीं होने की जानकारी मिल जा रही है लेकिन जो विश्वास पर छोड़ दे रहे हैं, वे ठगी का शिकार बन जा रहे हैं।

# एकात्म मानववाद को अपने व्यवहार एवं कार्य में करें शामिल : प्रो. मनोज मिश्र



जौनपुर, 25 सितम्बर (हि.स.)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के तत्वावधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर प्रबंध अध्ययन संकाय भवन के कांफ्रेंस हॉल में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मनोज मिश्र ने कहा कि पंडितजी मानते थे कि पूरा ब्रह्मांड एक तत्व से जुड़ा है। व्यक्ति परिवार से, परिवार समाज से ,समाज देश से, देश दुनिया से, दुनिया ब्रह्मांड से जुड़ी है। सब परस्पर निर्भर है। इसलिए एकात्म मानव दर्शन पर आधारित समाज में हम सभी एक दूसरे को बिना नुकसान पहुंचाये रचनात्मक कार्य में संलग्न रहते हैं। विद्यार्थियों से कहा कि एकात्म मानववाद दर्शन को समझ कर अपने व्यवहार एवं कार्य में शामिल करें।

उन्होंने कहा कि दीनदयाल ने स्वतंत्र भारत के लिए भारतीय वैदिक संस्कृति के मूल तत्व सर्वे भवन्तु सुखिनः वसुधैव कुटुम्बकम, तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा की संस्कृति से अनुप्राणित एकात्म मानववाद का दर्शन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के बीज वक्ता प्रो. अविनाश डी. पाथर्डीकर ने कहा कि पंडितजी का दर्शन खंडित न होकर समष्टिवादी था और मानव जीवन पद्धति पर उनकी सोच समग्रता की थी। पंडितजी का मानना था कि मानव जीवन में उत्पादन, वितरण एवं उपभोग ये तीन क्रियाएं उसके आर्थिक जीवन को रूपायित करती हैं। अनियंत्रित और असामयिक उपभोग वितरण में विषमता और लूट को प्रेरित करता है। उत्पादन की मयार्दा नहीं रहती। अर्थ संस्कृति का सूत्र है उपरिमात्रिक उत्पादन, सामान वितरण और संयमित उपभोग, उत्पादन, उपभोग व वितरण का सामाजिक व सांस्कृतिक पहलू भी होता है। सामाजिक व सांस्कृतिक पहलू की उपेक्षा करने वाला उत्पादन, उपभोग व वितरण मानव को विषमता, लोलुपता, शोषण एवं संवेदनशीलता से ग्रस्त करेगा।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अजय द्विवेदी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर चलकर ही भारत विश्व गुरु बन सकता है। आज के उपभोक्तावादी संस्कृति में पंडितजी के अंत्योदय की अवधारणा निश्चित तौर पर मानवता की वह मिसाल है, जो भारत की संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम के एकदम करीब है। इसके पूर्व शोध पीठ के अध्यक्ष प्रोफेसर मानस पांडेय ने आए हुए अतिथियों एवं मुख्य वक्ता का स्वागत किया तथा विषय परिवर्तन करते हुए पंडित दीनदयाल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। गोष्ठी के पूर्व संकाय भवन में स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के जीवन से विद्यार्थियों को मिलती है प्रेरणा

लखीमपुर खीरी, 25 सितंबर (हि.स.)। विद्या भारती विद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज सीबीएसई में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर स्वदेशी जागरण एवं स्वक्षता सप्ताह का आयोजन किया गया। यह पखवारा पंडित दीनदयाल की जयंती से प्रारम्भ होकर महात्मा गांधी जी की जयंती तक चलेगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान द्वारा माँ सरस्वती व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से की गयी। इसके बाद विद्यार्थियों ने उनके जीवन और आदर्शों पर आधारित संगीतमय प्रस्तुतियाँ दीं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर प्रकाश डाला और उनके योगदान को याद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आगे बढ़कर समाज सेवा में योगदान देने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों और मूल्यों के प्रति जागरूक करने में सफल रहा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान द्वारा सभी आचार्य,आचार्या बहनों व विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को स्वदेशी अपनाने व स्वच्छता की शपथ दिलायी।

# प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल सार्थक दिशा में होना चाहिए: आनंदीबेन पटेल

## –महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ का 46वां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न
## –शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार,जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं: आर के त्यागी
## –काशी आदिकाल से शिक्षा, ज्ञान, विज्ञान, विवेक, संस्कृतिक चेतना, मानवता की भूमि रही है: उच्च शिक्षा मंत्री

वाराणसी,25 सितम्बर (हि.स.)। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के 46वें दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करते हुए कुलाधिपति और प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रौद्योगिकी के सार्थक इस्तेमाल पर जोर दिया। उन्होंने डिग्री प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों से व्यावहारिक जीवन में आने वाली चुनौतियों और आने वाले वर्षों में होने वाले बदलाव के लिए भी तैयार रहने को कहा।

राज्यपाल ने बुधवार को दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि पावर ग्रिड कार्पोरेशन के सीएमडी आर. के. त्यागी के साथ विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वोच्च अंक पाने वाले 18 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया। दीक्षांत समारोह में कुल 97,252 डिग्रियां और उपाधियां वितरित हुई। जिनको कुलाधिपति ने बटन दबाकर डिजिलाकर पर अपलोड किया। राज्यपाल और मुख्य अतिथि ने महात्मा गांधी, पं. दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. आंबेडकर के विचारों पर आधारित एक 'स्मारिका' तथा "गांधी, अंबेडकर और दीनयाल" पुस्तक का विमोचन भी किया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी पदक तथा उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को बधाई दी। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि छात्राएं लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रयास कर रही हैं। वर्तमान में हम देख रहे हैं कि शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राएं तेज गति से आगे बढ़ रही हैं। आज गोल्ड मेडल प्राप्त करने वालों में भी छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। राज्यपाल ने बताया की इस वर्ष शिक्षा का बजट 1.48 लाख करोड़ दिया गया है । जिसका सभी को लाभ लेना चाहिए। अगले पांच वर्षों में भारत के एक करोड़ विद्यार्थियों को देश की शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप करने को मौका दिया जायेगा। जिससे उनको उचित जगह कार्य करने का मौका मिल सके। उन्होंने कहा कि कौशल विकास के लिए मिलने वाले 7.5 लाख के ऋण का उचित लाभ आप सभी लें। ऊर्जा की बचत के लिए उन्होंने बिजली, पानी बचत के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के 33 विश्वविद्यालय को समर्थ पोर्टल से जोड़ते हुए 200 करोड़ की बचत की गयी है। उन्होंने कहा कि माँ के गर्भ में पल रहे शिशु को भी संगीतमय वातावरण देना चाहिये। राज्य सरकार चाहती है कि गर्भवती के सभी प्रसव अस्पतालों में हो जबकि अभी वर्तमान में 85 प्रतिशत प्रसव अस्पतालों में हो रहा है। अस्पताल में प्रसव से हम नवजात शिशु की उचित देखभाल उचित समय पर सकेंगे । कार्यक्रम में राज्यपाल ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को सौ किट भी प्रदान किया। दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पावर ग्रिड कार्पोरेशन के सीएमडी आर. के. त्यागी ने कहा कि वर्षो के त्याग तथा परिश्रम के बाद आप इन ऊँचाइयों पर पहुंचे हैं। अब राष्ट्र उत्थान में आप सभी अपना योगदान दें। उन्होंने काशी विद्यापीठ को स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान आंदोलन का केंद्र बताते हुए भारतीय समाज में विश्वविद्यालय के योगदान का उल्लेख किया। उन्होंने 2047 तक भारत के विकसित होने के लक्ष्यों में शिक्षा को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि केवल शिक्षा डिग्री प्राप्त करना नहीं बल्कि अपनी जड़ों को मजबूत करना ही असली शिक्षा का उद्देश्य है। उन्होंने नेल्सन मंडेला के प्रसिद्ध वाक्य शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं को उल्लिखित किया। उन्होंने पावर ग्रिड द्वारा राष्ट्र उत्थान में किये जा रहे प्रयासों को भी बताया। समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने पदक पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए सभी को इन ऊँचाइयों तक पहुंचाने में उनके माता-पिता तथा गुरूजनों के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि काशी आदिकाल से शिक्षा, ज्ञान, विज्ञान, विवेक, संस्कृतिक चेतना, मानवता की भूमि रही है ऐसी काशी को उन्होंने प्रणाम करते हुए यहां लगातार हो रहे विकास पर सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने बताया कि आज उत्तर प्रदेश शिक्षा का हब बन चुका है। सर्वाधिक नैक ग्रेड प्राप्तकर्ता विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश में हैं। समारोह में उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने विद्यार्थियों को बिना घबराये अपने लक्ष्य के प्रति बिना किसी नकारात्मक भावना के चुनौतियों से लड़ते हुए आगे बढ़ने को कहा। रजनी तिवारी ने कहा कि ज्ञान ही शक्ति है इसी के आधार पर आप राष्ट्र के उन्नति में अपना योगदान दें तथा आप अपने अंदर विनीत भाव लाते हुए प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत के विकसित होने के लक्ष्य को प्राप्त करें। समारोह में काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद त्यागी ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बताया। इसके पहले दीक्षांत समारोह की शुरूआत शैक्षिक शिष्ट यात्रा और राष्ट्रगान से हुई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, राष्ट्र रत्न शिव प्रसाद गुप्त एवं भारत रत्न आचार्य भगवान दास के चित्रों पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण के उपरांत समारोह में छात्राओं ने मंगलाचरण तथा कुलगीत प्रस्तुत किया।

–समारोह में इनकी रही उपस्थिति

अजगरा भाजपा विधायक टी. राम, कुलसचिव डॉ संगीता पांडेय समेत सामाजिक विज्ञान संकाय, मानविकी विज्ञान, प्रबंध संकाय, शिक्षा संकाय, विधि संकाय, कृषि संकाय, हिन्दी पत्रकारिता संस्थान के संकाय प्रमुखों की मौजूदगी रही।

–सोनभद्र जिले की 10 विशिष्ट आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुरस्कृत

दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोनभद्र जिले की 10 विशिष्ट आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह,मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में होप वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा गावों को नशा मुक्त कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। इसके लिए ग्रीन आर्मी से जुड़ी उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा बच्चियों को साड़ी तथा पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोनभद्र की विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों को 100 किट भी प्रदान किया।

# भाजपा कार्यकताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती उत्साह से मनाई

–महा सदस्यता अभियान के तहत आम लोगों को भी पार्टी से जोड़ा

वाराणसी, 25 सितम्बर (हि.स.)। जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बुधवार को भाजपा कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ मनाई। और पार्टी के महा सदस्यता अभियान के तहत आम लोगों को भी सदस्य बनाया। ग्रामीण अंचल के पिंडरा विधानसभा के कठिराव मंडल बचौरा ग्राम सभा में बूथ नंबर 152 पर जुटे कार्यकताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई।

पार्टी के प्रोटोकॉल प्रभारी व भाजपा किसान मोर्चा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष शैलेश पांडेय ने बूथ पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। और पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद महासदस्यता अभियान के तहत लोगों को सदस्य भी बनाया। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने देश-प्रदेश व बूथ के लिए जो लक्ष्य तय किया है, हम कार्यकर्ता उसे आसानी से प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में पार्टी के आईटी सेल से अमित चौबे, सेक्टर संयोजक राजेंद्र पटेल, बूथ अध्यक्ष अरविन्द प्रजापति, बुलगेंद्र प्रजापति, विकास विश्वकर्मा, मंगल पाण्डेय, रामलोचन कन्नौजिया आदि ने भागीदारी की।

# समाजसेवी वेद प्रकाश पटवा की द्वितीय पुण्यतिथि पर हुआ छात्रवृति वितरण

लखनऊ, 25 सितम्बर(हि.स.)। महान समाजसेवी व शिक्षाविद् वेद प्रकाश पटवा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर बाराबंकी जनपद के फखरपुर में सरस्वती शिशु मंदिर में स्वर्ण पदक तथा छात्रवृति वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र भैया सोमनाथ वर्मा को स्वर्ण पदक तथा अग्रिम कक्षा के लिए संपूर्ण शिक्षण शुल्क छात्रवृति के रूप में प्रदान की गई।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह अंबिका, कैसरगंज विधानसभा के प्रभारी गौरव वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पेशकार यादव, उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के स्थाई अधिवक्ता अनिल सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी केपी अवस्थी, मनीष दीक्षित तथा दामोदर, विद्यालय के कोषाध्यक्ष बजरंग बली, सम्मानित सदस्य दीपक सोनी ने अपने अपने संस्मरण सुनाते हुए समाजसेवी वेद प्रकाश पटवा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश शुक्ला ने किया। वेद सेवा संस्थान के सचिव विष्णु कुमार पटवा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं पंकज पटवा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर महान समाजसेवी वेद प्रकाश के पुराने साथी, विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों सहित भैया बहन उपस्थित रहें।

# मंडल मुख्यालय समेत छोटे स्टेशनों पर भी क्यूआर कोड से मिलेगा रेल टिकट

मुरादाबाद, 25 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद रेल मंडल में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक आदित्य गुप्ता ने बुधवार को बताया कि ट्रेन का अनारक्षित टिकट पाने के लिए अब आपको रेलवे स्टेशन पर लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं है। मंडल मुख्यालय समेत छोटे स्टेशनों पर भी रेलवे ने क्यूआर कोड की व्यवस्था लागू की है।

यात्री मोबाइल में यह क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन भुगतान कर जनरल टिकट पा सकते हैं। यात्री के मोबाइल में उसके द्वारा दर्ज किए गए स्टेशन तक की टिकट पीडीएफ सेव हो जाएगी।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने आगे बताया कि मुरादाबाद स्टेशन पर पहले से ही यह सुविधा है। अब कांठ, मेवानवादा, हरथला, कटघर, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, कंकाठेर, हल्दौर, बिजनौर, चांदपुर-सियाऊ, मंडी धनौरा, हापुड़, पिलखुआ, खरखौदा, महरौली, बाबूगढ़, बरेली, भिटौरा, नगरिया सादत, मिलक, बरेली कैंट, रामपुर, नजीबाबाद, देहरादून, मोतीचूर, रायवाला, कांसरो, चंदौसी, राजघाट नरौरा, बहजोई, डिबाई, अतरौली रोड, ज्वालापुर, ऐथल, इक्कर, पथरी, लक्सर, नजीबाबाद, धामपुर, नगीना समेत सभी जगह बुकिंग काउंटरों पर क्यूआर कोड लगा दिए गए हैं।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ और मुख्यमंत्री योगी ने किया यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन

-गेम चेंजर हैं योगी आदित्यनाथ, उनके नेतृत्व में लगातार आगे बढ़ रहा उत्तर प्रदेश: राष्ट्रपति

ग्रेटर नोएडा, 25 सितंबर (हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। पांच दिन तक चलने वाले इस ट्रेड शो में 80 से अधिक देशों के 500 से अधिक विदेशी निवेशक शामिल हो रहे हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा कि योगी गेम चेंजर हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश की स्थितियों को बदल दिया है।




इस मौके पर केंद्र और उत्तर प्रदेश के कई बड़े चेहरे मौजूद थे। उद्घाटन के बाद योगी और धनखड़ ने मिलकर ई-रिक्शा से कार्यक्रम में लगे हुए स्टॉल्स का निरीक्षण किया और कलाकारों से बातचीत की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टिक उठाकर ड्रम बजाया, जिसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी उनका साथ दिया।

जगदीप धनखड़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ गेमचेंजर हैं। उन्होंने स्थितियों को काफी बदल दिया है। उन्होंने कहा कि मैं आश्चर्यचकित हूं कि वह अपनी सरकार पर 24 घंटे नजर रखते हैं। इस समय योगी के नेतृत्व में उप्र लगातार आगे बढ़ रहा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सकारात्मक बदलाव आया है । उत्तर प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है और उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश इससे भी ज्यादा तेज गति से बढ़ेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ ने कहा कि इस ट्रेड शो को आयोजित करने का उद्देश्य प्रदेश के छोटे उद्यमियों को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराना है। उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां खुद का अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो होता है।

प्रदेश की एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को पूरा करने में यह अहम योगदान देगा। पिछले वर्ष ट्रेड शो में छह हजार करोड़ का व्यापार हुआ था, इस वर्ष यहां 80 से अधिक देशों के 500 से अधिक विदेशी निवेशक शामिल हो रहे हैं।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, एमएसएमई, खादी, ग्रामोद्योग व कपड़ा मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान तथा स्वतंत्र देव सिंह, बृजेश सिंह, धर्मपाल सिंह सैनी, नंद गोपाल नंदी और दयाशंकर सिंह उपस्थित थे।

# उप्र के शामली और कुशीनगर में इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

शामली, 25 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश में बुधवार को अलग-अलग जिलों में हुई दो मुठभेड़ में तीन इनामी बदमाश गिरफ्तार किए गये। पुलिस कार्रवाई में गोली लगने से तीनों घायल हैं, जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

शामली अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि पहली कार्रवाई झिंझाना थाना क्षेत्र की है। दरअसल जुलाई माह की 09-10 तारीख की रात चौसाना कस्बे के मोहल्ला सुन्दर नगर में हथियारों से लैस बदमाशों ने परिवार को बंधक बनाते हुए डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। इस घटना में छानबीन के दौरान कई बदमाशों के नाम सामने आए। इनमें से चार को पकड़ कर जेल भेज दिया गया। एक बदमाश के लगातार फरार रहने पर 50 हजार का इनाम घोषित था। उसकी धरपकड़ में पुलिस की टीमें लगी थी। बुधवार सुबह इनामी बदमाश के झिंझाना इलाके से गुजरने की सूचना मिली, जिस पर थाना पुलिस ने घेराबंदी की। पुलिस को देख बाइक सवार बदमाश ने फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। इस दौरान वह गिर गया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में पैर पर गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार करते हुए उपचार के लिए अस्पताल भेजा।

एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश इनामी सोनू है। उसके कब्जे में एक लूट की मोटर साइकिल, तमंचा बरामद हुआ है। उस पर जनपद में छह आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह अपना नाम बदलकर भी कई घटनाएं आजंम दे चुका है। 50 हजार ने इनामी सोनू सहित डकैती कांड में कुल पांच लोगों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। एएसपी ने बताया कि बदमाश से हुई मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हुआ है। जिसका उपचार कराया जा रहा है।

कुशीनगर में जाली नोट छापने वाले गिरोह का एक और इनामी गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि थाना सेवरही क्षेत्रांतर्गत जाली नोटों के कारोबार के मुकदमें में बरुआर गिरोह के 10 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस गिरोह में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई हैं। इसी क्रम में थाना सेवरही, थाना तमकुहीराज, थाना तरयासुजान व साइबर थाने की संयुक्त टीमों ने सूचना के आधार पर जाली नोटों के कारोबार के मुकदमें में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी एक शातिर बदमाश को घेर लिया गया। पुलिस को देख बदमाश में फायरिंग की और भागने का प्रयास किया। लेकिन जवाबी कार्रवाई में अपराधी मुश्तकीम पुत्र कलीम के दोनों पैरों में गोली लगने से गिर कर घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसके कब्जे से तमंचा और जाली नोट बरामद हुए हैं। गिरफ्तार बदमाश ने कुछ दिन पूर्व हाटा थाना क्षेत्र में टप्पेबाजी की भी वारदात को अंजाम दिया था।

एसपी ने बताया कि जनपद में जाली नोटों के कारोबार करने वाले गिरफ्तार अभियुक्तों के बचाव में भ्रामक वीडियो बनाकर गुमराह करने का कोशिश की जा रही है। इस तरह से अफवाह फैलाने वालों की गिरफ्तार गिरोह के लोगों के साथ सोशल मीडिया से फोटो मिले हैं। उनको संकलित करते हुए ऐसा करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी। गिरोह में शामिल सभी 11 बदमाशों का आपराधिक इतिहास है और बदमाश औरंगजेब शातिर किस्म का अपराधी है।

उस पर नौ मुकदमे हैं। उन मुकदमों गैंगरेप से लेकर कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इन्हें सहयोग पहुंचाने और खुद को बचाने के लिए भ्रामकता फैलाई जा रही है। इसमें डायरेक्ट या इनडायरेक्ट शामिल सहयोगियों की संलिप्तता व भूमिका गहनता से जांच करते हुए कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# कैंसर से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं : डॉ. अर्पित बंसल

प्रयागराज, 25 सितम्बर (हि.स.)। सर्वाइकल कैंसर यौन जनित रोग है तथा यह महिलाओं और पुरुषों दोनों में ही हो सकता है। आज के समय में जांच और इलाज की अत्याधुनिक तकनीकें उपलब्ध है। ऐसे में कैंसर से किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है। बल्कि शुरू से ही जागरूकता की आवश्यकता है।

उक्त विचार जीवन ज्योति अस्पताल के निदेशक एवं जाने-माने सर्जन डॉ अर्पित बंसल ने झूंसी स्थित एक कॉलेज में निःशुल्क चिकित्सा शिविर और सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य बीमारियों के प्रति छात्रों में जागरूकता पैदा करने के लिए व्याख्यान के दौरान व्यक्त किया।

बुधवार को रोटरी इलाहाबाद मिड टाउन एवं जीवन ज्योति अस्पताल के सहयोग से आयोजित शिविर में 800 विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। डॉ बंसल ने कहा कि कैंसर के प्रति शुरू से ही बच्चों में जागरूकता के साथ-साथ वैक्सीनेशन की आवश्यकता है।



उन्होंने कैंसर के लिए आज संयमित खान-पान नशे की आदत तथा प्रदूषण सहित जेनेटिक कर्म को जिम्मेदार बताया।

कहा कि पोषक आहार और पाचन पर विशेष तौर पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि प्यास लगने पर ही पानी नहीं पीना चाहिए, बल्कि आवश्यकतानुसार समय-समय पर हमेशा पानी पीते रहना चाहिए। इससे शरीर के बहुत सारे विकारों को दूर किया जा सकता है।

इस अवसर पर डॉ बंसल ने विद्यार्थियों को ब्लू मन और रेड मन के विषय में बताया और कहा कि 24 घंटे में कम से कम 10 मिनट प्रत्येक व्यक्ति को अच्छे ख्याल में डूबना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित जीवन जीने की सीख देते हुए कहा कि पर्यावरण के साथ संतुलन बनाकर रहना बहुत जरूरी है।

रोटरी इलाहाबाद मिडटाउन की अध्यक्ष राधा सक्सेना ने छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया तथा क्लब की ओर से विद्यालय को सेनेटरी वेंडिंग मशीन प्रदान किया। गवर्नर प्रतिनिधि पंकज जैन ने कहा कि विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को रोटरी क्लब से की ओर से सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निःशुल्क वैक्सीन लगाई जाएगी।

प्रबंधक नीरज मेहरोत्रा ने बच्चों से कहा कि वह सदैव जागरूक बने रहे, जिससे कि बीमारियों से बचाव हो सके। कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन लाला मनमोहन दास इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ निरंजन कुमार सिंह ने किया।

# प्रदेश सरकार के खिलाफ सपा कार्यकताओं का प्रदर्शन

मेरठ, 25 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश में अपराध बढ़ने का आरोप लगाते हुए सपा कार्यकताओं ने बुधवार को कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपराधों पर रोक लगाने की मांग की।

सपा जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी और महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी के नेतृत्व में बुधवार को कार्यकताओं ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि मेरठ जिले और प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हत्या, बलात्कार, लूट आदि की घटनाएं प्रतिदिन हो रही है। इससे महिलाएं और बच्चियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। अपराधों पर अंकुश नहीं लग रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री पर जमीन कब्जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता की खरीदी जमीन पर कब्जा किया हुआ है। सरकारी और शमशान की जमीनों को भाजपा नेता कब्जा रहे हैं। इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। उन्होंने कहा कि छुट्टी के समय स्कूलों के बाहर बच्चियों की सुरक्षा के लिए पुलिस व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी दीपक मीणा के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर अपराधों पर रोक लगाने की मांग की है।

सपा जिलाध्यक्ष ने जेब से पर्स और मोबाइल उड़ाया

प्रदर्शन के दौरान ही चोरों ने सपा जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी की जेब काट ली। उनकी जेब में रखा पर्स और और मोबाइल चोरी कर लिया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि उनके पर्स में 20 हजार रुपए और जरूरी कागजात रखे हुए थे। उन्होंने चोर से अपील की कि पर्स के पैसे वह रख लें, लेकिन कागजात लौटा दें। उन्होंने कहा कि जब जिलाध्यक्ष ही सुरक्षित नहीं तो आम आदमी का क्या होगा? पुलिस का कोई खौफ अपराधियों में नहीं है।

# बच्चों में सबसे आम बीमारी है अस्थमा: डा. वेद प्रकाश

लखनऊ, 25 सितंबर (हि.स.)। फेफड़े लगातार पर्यावरणीय खतरों के संपर्क में रहते हैं, जिसमें हम जिस हवा में सांस लेते हैं

उससे उसमें उपस्थित जहरीले रसायन, कण और संक्रामक एजेंट फेफडे. को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अस्थमा की बात करें तो यह बच्चों में सबसे आम पुरानी बीमारी है, जो दुनिया भर में लगभग 14 प्रतिशत बच्चों को प्रभावित करती है और इसका प्रसार बढ़ रहा है। यह जानकारी किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के पल्मोनरी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डा.वेद प्रकाश ने दी।

डा. वेद प्रकाश ने बताया कि दुनिया भर में, 200 करोड़ से अधिक लोग हानिकारक बायोमास धुएं के संपर्क में आते हैं, जो अक्सर इनडोर स्टोव या खराब हवादार फायरप्लेस से होता है। इसके अतिरिक्त, 100 करोड़ लोगों को बाहरी वायु प्रदूषण और तंबाकू के धुएं से जोखिम का सामना करना पड़ता है। श्वसन संबंधी बीमारी और मृत्यु के पांच प्रमुख कारणों में अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी), फेफड़ों का कैंसर, श्वसन संक्रमण और तपेदिक (टीबी) शामिल हैं।

वैश्विक स्तर पर, 65 लाख से अधिक लोग सीओपीडी से प्रभावित हैं, जो मृत्यु का तीसरा प्रमुख कारण है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है।

फेफड़े का कैंसर दुनिया भर में सबसे अधिक पाया जाने वाला घातक कैंसर है, जिसकी दर लगातार बढ़ रही है। निमोनिया मृत्यु का एक प्रमुख कारण बना हुआ है और पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की (मृत्यु का) प्राथमिक कारण है।

फेफड़ों के रोगों की रोकथाम

धूम्रपान से परहेज करना

वायु प्रदूषकों और कुछ रसायनों के संपर्क में आने से बचना

स्वस्थ आहार लेना

नियमित जांच कराना

शारीरिक रूप से सक्रिय रहना

डा. वेद प्रकाश ने बताया कि किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ में पल्मोनरी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग, पल्मोनरी मेडिसिन के क्षेत्र में विश्व स्तरीय सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो समाज के सबसे कमजोर वर्गों को सस्ती देखभाल प्रदान करता है।

# नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद युवक ने दी फांसी लगाकर जान

गाजियाबाद, 25 सितंबर (हि.स.)। नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में डासना जिला जेल में बंद शिवम राजपूत ने बिजली के तार से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुलंदशहर जिले के नरसेना गांव का निवासी शिवम राजपूत लड़की के साथ दुष्कर्म करने और पॉक्सो एक्ट के मामले में करीब 14 दिन पहले ही जेल में था। मरने से पहले युवक ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है, जिसमें उसने आत्महत्या का मरने का कारण लड़की के मां-बाप को बताया है। सुसाइड नोट में उससे माफी भी मांगी है। 21 वर्षीय शिवम के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने के मुताबिक शिवम राजपूत बुलंदशहर जिले में नरसैना थाना क्षेत्र का रहने वाला था। 10 सितंबर 2024 को हापुड़ जिले की पिलखुवा थाना थाना पुलिस ने उसे रेप और पॉक्सो एक्ट के आरोप में जेल भेजा गया था।

उन्होंने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे के लाइब्रेरी वाले एरिया के सटे बिजली ऑफिस के अंदर शिवम केबिल से पंखे के सहारे फांसी लगाकर झूल गया। जब तक जेलकर्मियों की नजर पड़ी, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वीडियोग्राफी कराकर शव को नीचे उतारा गया। स्थानीय लोकल थाना पुलिस को बुलाया गया।

पुलिस की जांच में पता चला है कि बीते महीने शिवम राजपूत (12 )साल की नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने लड़की बरामद करते हुए शिवम को गिरफ्तार किया। लड़की के बयानों में दुष्कर्म किये जाने की बात सामने आई थी। इसके बाद पिलखुवा थाना पुलिस ने 10 सितंबर को उसे जेल भेजा था।

मरने से पहले शिवम ने दो पेज का एक सुसाइड नोट छोड़ा है। ज्यादा पढ़ा-लिखा नहीं होने से शिवम ने भाषा स्पष्ट नहीं लिखी है। इसमें शिवम ने खुद को जेल भिजवाने के लिए लड़की के मां-बाप को जिम्मेदार ठहराया है। उसने सुसाइड नोट में उन दोनों को सास-ससुर कहकर संबोधित किया है।सुसाइड नोट के अंत में शिवम ने लड़की से माफी भी मांगी है।

उधर मृतक शिवम के परिजनों ने आरोप लगाया है कि लड़कीवालों और पुलिस ने रुपये मांगे थे । नहीं देने पर जेल भेजा गया था। उनका आरोप है कि छिजारसी पुलिस चौकी इंचार्ज प्रदीप ने षड़यंत्र रचकर इस लड़के को फंसाया। पूरे केस की तफ्तीश भी प्रदीप ने की। हमारे बच्चे को जबरन फंसाया गया है। गरीब लड़के पर पॉक्सो एक्ट लगा दिया। एक लाख रुपए चौकी इंचार्ज और दो लाख रुपए पीड़ित लड़की ने मांगे। हम वह डिमांड पूरी नहीं कर पाए तो शिवम को जेल भेज दिया गया।

# पुरानी पेंशन बहाली मांग को लेकर 28 सितम्बर को साथ आएगा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ

औरैया, 25 सितंबर (हि.स.)। माध्यमिक शिक्षक संघ के पुरानी पेंशन के लिए 28 सितम्बर को धरना प्रदर्शन करेगा। इस धरने में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक



संघ के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। यह निर्णय बुधवार को प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश चन्द्र यादव की अध्यक्षता में हुई पदाधिकारियों की

बैठक में लिया गया। जिला मुख्यालय ककोर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्य समिति की बैठक में सदस्यता 15 अक्टूबर तक जमा करने, ऑफिस ब्लॉकों के चुनाव शीघ्र कराने, संगठन को मजबूत बनाने पर भी चर्चा की गई।

इसके अलावा पदाधिकारी ने अंतर्जनपदीय शिक्षकों का बोनस शीघ्र दिलाए जाने के विकल्प पत्र पेंशन से संबंधित पत्रावली प्रदेश को भिजवाने, खाद्यान्न प्रति मास दिया जाए। एमडीएम में पूर्व वर्षों के फलों का पैसा प्राथमिक विद्यालयों में ना भेजे जाने पर गहरा रोश व्यक्त किया गया। अध्यापकों का कई माह से प्रोन्नति वेतनमान नहीं दिया जा रहा है। 69000 में अध्यापकों का सत्यापन शीघ्र कराए जाने, चयन वेतनमान की पत्रावलियों का सीट निस्तारण किए जाने, अध्यापकों का वेतन समय से दिलाए जाने पर चर्चा हुई। जिसमें तय किया गया कि संगठन बेसिक शिक्षा अधिकारी व लेखाधिकारी से मिलकर के समस्याओं के हल को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा।समस्याएं हल न होने पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होगा।

बैठक में जिला मंत्री अरविंद राजपूत, जिला कोषाध्यक्ष अशोक भास्कर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील यादव, उपाध्यक्ष संजय सेंगर, संगठन मंत्री पहचान सिंह, हरनारायण राजपूत, अरुण यादव, अनिल यादव, सुदीप कुमार,ब्लाक अध्यक्ष एरवाकटरा वीरपाल ब्लाक अध्यक्ष भाग्यनगर कमलेश चतुवेर्दी, ब्लॉक अध्यक्ष ओरैया अरविंद दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष अजीतमल दीपक दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष बिधूना अनुरोध यादव, ब्लॉक संयोजक सहार पंकज कठेरिया, ब्लॉक संयोजक अछल्दा गिरीश नारायण, ब्लाक मंत्रियों में बुद्धि पाल, विवेक बाजपेई, ओम नारायण पाल, राधा कृष्ण, विक्रम दत्त, विष्णु दत्त मिश्रा, संजीव सविता, राजेश शाक्य, आशु यादव, अनुराग चतुवेर्दी, दीपक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# तीन काले कृषि कानूनों पर बीजेपी सांसद का बयान शीर्ष नेतृत्व के खतरनाक एजेण्डे का संकेत-प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने कंगना रनौत की किसान विरोधी बयानबाजी पर मोदी सरकार पर बोला तीखा हमला

## महाराष्ट्र में बच्चों की सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट की तल्खी को भी वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने भाजपा के लिए बताया कड़वी नसीहत

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने किसानों का मालिकाना हक छीनने वाले तीन कृषि कानूनो की वापसी को लेकर बीजेपी सांसद के बयान पर मोदी सरकार की तल्ख घेराबंदी की है। उन्होने भाजपा की सांसद कंगना रनौत के निरस्त किये गए इन तीनो कृषि कानूनो की वापसी के इरादे को भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के किसान विरोधी एजेण्डे का खतरनाक उजागर होना करार दिया है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि काले कृषि कानूनों को वापस कराने के लिए देश किसान आंदोलन में साढ़े सात सौ किसानों ने अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होनें कहा कि साल भर से अधिक के किसान आंदोलन के चलते ही किसी तरह किसानों को अपनी खेती के मालिकाना हक को बचाए रखने मे बडी कुबार्नी के बाद सफलता मिल सकी। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा के सशक्त शीर्ष नेतृत्व की करीबी सांसद कंगना का यह बयान साफ तौर पर यह दशार्ता है कि भाजपा सरकार तीनों कृषि काले कानूनों को वापस लाने का अभी भी खतरनाक प्लान अंदर ही अंदर आगे बढ़ा रही है। उन्होने कहा कि इसके पहले भी बीजेपी की सांसद कंगना रनौत किसान आंदोलन में किसानो को आतंकवादी कहकर अपमानित कर चुकी हैं। उन्होनें कहा कि भाजपा यह कहकर पल्ला नही झाड़ सकती कि उसकी ही पार्टी की सांसद का बयान निजी तौर पर है।

उन्होने कहा कि अगर भाजपा सांसद कंगना पर कार्रवाई करने का साहस नही रखती तो स्पष्ट है कि वह किसानों के हितों पर हो रहे हमले में दोहरा चरित्र रखती आ रही है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व पर कहा कि कंगना रनौत को मोदी सरकार द्वारा पदमश्री पुरस्कार का मिलना साफ तौर पर बीजेपी सांसद का पार्टी नेतृत्व में मजबूत पकड़ साबित करता है। उन्होनें तंज कसा कि मोदी सरकार ने बड़े बड़े मशहूर अभिनेता एवं अभिनेत्रियों को पदमश्री नहीं दिया किन्तु लगता है कि किसानों के खिलाफ हर समय जहर उगलने का कंगना को पदमश्री का ईनाम जरूर दिया गया था। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यूपी में खाने पीने की चीजों में मिलावट के तथ्य उजागर होने पर भी सरकार की घेराबंदी की। उन्होने कहा कि आम आदमी की जरूरत के लिए खाने पीने की चीजों के साथ दवाओं तक में जीएसटी की चोट पहुंचाने वाली भाजपा लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा से भी खिलवाड कर रही है।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने महाराष्ट्र मे भाजपा के गठबंधन वाली एकनाथ शिंदे सरकार पर भी मासूम बच्चों के यौन उत्पीड़न को लेकर कडा हमला बोला। उन्होनें कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर अपने फैसले मे सरकार को कड़वी नसीहत दी है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाराष्ट्र के बदलापुर के एक स्कूल में स्टाफकर्मी द्वारा दो मासूम छात्राओं के साथ दुष्कर्म की घटना से बच्चों की सुरक्षा को लेकर सरकारी प्रबन्धन की असफलता को शर्मनाक बना गया है। उन्होनें कहा कि शैक्षणिक संस्थानो तक में बच्चो की सुरक्षा से देशवासियों की चिन्ता को लेकर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी भाजपा राज में कानून और व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

# गंगोह में मीट की दुकानों पर एसडीएम नकुड़ का छापा, दुकानदारों में मचा हड़कंप

सहारनपुर, 25 सितम्बर (हि.स.)।

सहारनपुर के गंगोह में अवैध रूप से मांस बेचे जाने की सूचना पर एसडीएम नकुड़ संगीता राघव ने खाद्य विभाग की टीम के साथ नगर के मेटाडोर स्टैंड स्थित मांस की दुकानों पर छापा मारा। टीम को देखते ही अधिकांश दुकानदार अपनी दुकानें बंद करके भाग निकले जबकि कुछ दुकानें खुली छोड़कर ही इधर-उधर हो गए। मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

फिलहाल टीम खुली हुई दुकानों के बाहर मौजूद है और दुकानदारों के आने का इंतजार कर रही है, ताकि मांस का बिलों से मिलान एवं परीक्षण किया जा सके।

एसडीएम संगीता राघव ने बताया कि अवैध कटान कर मांस बेचे जाने की शिकायत पर जांच की जा रही है।

कुछ दुकानों के लाइसेंस भी एक्सपायर मिले हैं व अन्य बिन्दुओं पर भी जांच की जा रही है। जांच के उपरांत अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। टीम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एमपी सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य पवन चौधरी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी धनन्जय शुक्ला, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुमनपाल और संदीप चौधरी के अलावा पुलिस फोर्स मौजूद रही।

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भारत माता मंदिर का अवलोकन किया

## –मंदिर में संगमरमर पर उकेरी गई अविभाजित भारत के त्रिआयामी भौगोलिक मानचित्र को देख भाव विभोर हुई

वाराणसी,25 सितम्बर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बुधवार को महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह में भाग लेने के बाद अचानक भारत माता मंदिर पहुंचीं। मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने संगमरमर पर उकेरी गई अविभाजित भारत के त्रिआयामी भौगोलिक मानचित्र को ध्यान से देखा। मानचित्र का दृश्यावलोकन कर राज्यपाल भाव विभोर हो उठीं।

उन्होंने मौके पर ललित कला केंद्र के प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो.आनंद कुमार त्यागी ने उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया। मंदिर में राज्यपाल के साथ उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी भी साथ रही।

गौरतलब है कि भारत माता मन्दिर महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के प्रांगण में ही है। इसका निर्माण डॉ. शिवप्रसाद गुप्त ने कराया और उद्घाटन सन 1936 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने किया था।

इस मन्दिर में किसी देवी-देवता का कोई चित्र या प्रतिमा नहीं है बल्कि संगमरमर पर उकेरी गई अविभाजित भारत का त्रिआयामी भौगोलिक मानचित्र है। इस मानचित्र में पर्वत, पठार, नदियाँ और सागर सभी को बखूबी दशार्या गया है।

# मौलिक अधिकारों की सुरक्षा की मांग को लेकर वकीलों ने बुलन्द की आवाज, कामकाज का बहिष्कार

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़। अधिवक्ताओं ने मौलिक अधिकार के संरक्षण को लेकर बुधवार को प्रदेशव्यापी आहवान को लेकर न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। हाथों में काली पटटी बांधकर अधिवक्ताओ ने मौलिक अधिकारो की सुरक्षा को लेकर परिसर में नारेबाजी भी की। आम सभा के बाद अधिवक्ताओं का हुजूम संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा महामंत्री सूर्यकान्त निराला के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय पहुंचा। यहां अधिवक्ताओं ने जनपद न्यायाधीश तथा डीएम को संबोधित संयुक्त ज्ञापन एसडीएम नैंनसी सिंह को सौपा। एसडीएम ने ज्ञापन डीएम को भेजवाए जाने का वकीलों को आश्वासन दिया। आम सभा को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि अधिवक्ता सदैव वादकारी हित में अधिकाधिक कामकाज के पक्षधर है। उन्होने कहा कि देश के लोकतंत्र को सौपे गये संविधान में पक्ष एवं विपक्ष का प्राविधान रखा गया है। उन्होने कहा कि ऐसे में अधिवक्ता भी असहमति के अधिकार के तहत अपने संवैधानिक मौलिक अधिकार को लेकर कहीं से भी छेडछाड को स्वीकार नहीं कर सकेंगे। सभा का संचालन उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी ने किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल ने जिला जज के नाम ज्ञापन सिविल कोर्ट में सौंपा। वहीं संघ के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने लालगंज तहसील में चकबंदी कार्यालय के संचालन को लेकर मांग पत्र सौंपा। अधिवक्ताओं के न्यायिक कामकाज के विरत रहने के प्रस्ताव को लेकर बुधवार को तहसील व दीवानी में अदालती कामकाज ठप दिखा। आम सभा को अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र, राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, शहजाद अंसारी, शिव नारायण शुक्ल, लाल विनोद प्रताप सिंह, शैलेन्द्र मिश्रा, विपिन शुक्ल, केबी सिंह, प्रमोद सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अजय शुक्ल गुडडू, सतेश सिंह, बीडी पटेल, दिनेश मिश्र, सुशील शुक्ला, दीपेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र शुक्ला, आलोक शुक्ला, मोहित जायसवाल, प्रमोद तिवारी, तपन पाण्डेय, अम्बुज पाण्डेय, अमरनाथ यादव आदि अधिवक्ता रहे।

# श्री रामलीला मंचन में हुआ शिव पार्वती विवाह नाचे भूत प्रेत

सासनी 25 सितंबर। आदर्श श्री रामलीला एवं श्री कृष्ण लीला मंडल द्वारा पवन देव व्यास के निर्देशन में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव के दौरान भगवान श्री राम की लीलाओं का मंचन श्री रामलीला कलाकारों द्वारा बुधवार को भगवान शिव और पार्वती विवाह का रोचक मंचन किया।

श्री रामलीला में भगवान शिव पार्वती विवाह मंचन के दौरान मां पार्वती व भगवान भोलेनाथ का चरित्र पुरूषों के लिए और माता पार्वती का चरित्र भारतीय नारियों के लिए अनुकरणीय है का मंचन किया गया। शिव पार्वती विवाह मंचन में पवित्र संस्कार की व्याख्या की गई, मगर हम आधुनिक समय में प्राणी संस्कारों से दूर भाग रहे हैं। माता पार्वती के जन्म से लेकर उनकी तपस्या और भोलेनाथ के साथ विवाह में भूत प्रेत शामिल हुए श्री रामलीला मंचन के दौरान व्यास पवनदेव, आचार्य पं. अशोक कुमार शर्मा, उपाचार्य पं. संजय शर्मा, सहआचार्य पं. शैलेश शर्मा, लीलाधर शर्मा, क्रमल कुमार वार्ष्णेय, पंडित प्रकाश चंद शर्मा, डॉक्टर लोकेश शर्मा, लीलाधर शर्मा, रामनिवास शर्मा, जयप्रकाश महेश्वरी, महिपाल सिंह, सुधीर अग्रवाल, सुनील वार्ष्णेय, प्रदीप गुप्ता, निर्देश वार्ष्णेय, बृजेश कुमार शर्मा, प्रमोद गर्ग, आदि मौजूद थे। सुरक्षा की कमान प्रभारी निरीक्षक श्याम सिंह मयफोर्स के संभाले हुए थे।

## दिलीप दुबे बने रामलीला कमेटी सगरा सुंदरपुर के संयोजक

प्रमोद श्रीवास्तव

प्रतापगढ़।विकास खण्ड लक्ष्मणपुर की प्रमुख बाजार सगरा सुंदरपुर में नवरात्रि में होने वाली रामलीला हेतु आशुतोष जायसवाल को संयोजक बनाया गया है। श्री नवदुर्गा पूजा समिति एवं रामलीला समिति के उपाध्यक्ष ने बताया कि हर साल की भाँति इस साल भी यह रामलीला दर्शकों के लिए दर्शनीय होगी। इस बार रामलीला के पात्रों को अयोध्या से बुलाया गया है जो अपनी कलाकारी से दर्शकों को प्रमुदित करेंगे।रामलीला समिति का संयोजक आशुतोष जायसवाल को बनाया गया है। साथ ही दो अन्य प्रमुख व्यक्तियों दिलीप दुबे एवं ए.पी. सिंह को भी संयोजक बनाया गया है।रामलीला का मंचन 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक होगा। दिलीप दुबे का कहना है कि इस बार यह रामलीला और भी अधिक आकर्षक होगी।

# नाका चुंगी से जनसंपर्क मार्ग पर जाम से मिलेगी मुक्ति, बन रही है फोरलेन सड़क

## - परियोजना पर खर्च होंगे 17.64 करोड़ रुपये

## - रोड के दोनों तरफ बनाया जाएगा ढाई-ढाई मीटर का पाथवे

अयोध्या, 25 सितंबर (हि.स.)।अयोध्या को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर लाने में सरकार अयोध्या नगरवासियों को यातायात के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात देने वाली है। इस वर्ष अयोध्या में आयोजित होने वाले



दीपोत्सव से पहले शहर के नाका चुंगी हाइवे से जनसंपर्क मार्ग तक फोर लेन सड़क की सौगात प्रदेश सरकार देने जा रही है। इस मार्ग के बन जाने के बाद नाका क्षेत्र में होने वाले जाम से नगरवासियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।

अयोध्या के नगर क्षेत्र में नाका चुंगी से जनसंपर्क मार्ग तक हर समय जाम लगा रहता है। ऐसे में आए दिन एक्सीडेंट की भी घटनाएं होती रहती हैं। हाइवे के निकट होने के कारण शहर आने वाले लोगों को नाका होकर आना पड़ता है। देश-विदेश से आने वाले दर्शक शहर में जाने के लिए भी इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। उन्हें भी जाम से दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। देश के अन्य प्रांतों व अन्य देशों से अयोध्या आने वाले लोगों के साथ नगरवासियों को जाम से राहत देने के लिए अयोध्या नगर में नाका चुंगी से जनसंपर्क मार्ग 750 मीटर फोर लेन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता शशि भूषण सिंह ने बताया कि इस सड़क के निर्माण पर 17.64 करोड़ रुपये की लागत आ रही है। हमारी पूरी कोशिश है कि दीपोत्सव तक यह सड़क बनकर तैयार हो जाए। बनाई जा रही रोड के दोनों तरफ ढाई-ढाई मीटर का पाथवे व बीच में डिवाइडर भी बनाया जाएगा। अबतक लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है।

# प्रेषक विपिन बिहारी सक्सेना संवाददाता फरुर्खाबाद उत्तर प्रदेश।

## फरुर्खाबाद में पुलिस ने चोरी के सामानों समेत मेहंदी हसन हत्याकांड मेंचारअंतर्जनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

फरुर्खाबाद। जिले की पुलिस ने चोरी के सामानों समेत मेहंदी हसन हत्याकांड में चार



अंतर्जनपदीय बदमाशों को गिरफ्तार कर आज जेल भेजने की कार्रवाई की।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने आज बुधवार को यह जानकारी दी । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सिरौली में 26 अगस्त 2024 की मध्य रात्रि में किन्हीं अज्ञात बदमाशों ने घर में घुसकर गृह स्वामी मेहंदी हसन की हत्या करने के साथ ही अलमारी, बक्सों अन्य स्थान पर रखी नकदी,सोने चांदी के जेवरात आदि सामान चुरा ले गए थे। इस घटना तहरीर 27 अगस्त 2024 को मृतक मेहंदी हसन के पुत्र सल्लू ने थाना पुलिस को दी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसओजीप्रभारीउपनिरीक्षक जितेंद्र पटेल व सर्विलांस प्रभारी उप निरीक्षक विशेष कुमार तथा थानाध्यक्ष बलराज भाटी की गठित संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कल मंगलवार देर रात में थाना क्षेत्र के शमशाबाद रेलवे स्टेशन समीप वर्ती एकांत की ट्टूर वाली जगह में पुनः एकत्र होकर चोरी के अवशेष माल को बेचने के लिए बातचीत कर रहे ,रामपुर जनपद के बिलासपुर निवासी तनवीर उर्फ राजीव उर्फ सपेरा व मुरादाबाद जनपद के थाना भोजपुर के आदमपुरा निवासी जाकिर शाह उर्फ जकरा व बरेली जनपद के सिरौला प्यास निवासी दिलशाद शाह तथा इसी जनपद के प्यास सिरौली निवासी ताज मोहम्मद उर्फ अनवर बदमाशों को नाकेबंदी करके गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पकड़े गए छैमार गिरोह के चारो अंतर्जनपदीय चोरो एवं हत्यारोपियों से कड़ाई से पूछताछ की।जिसमें इन पकड़े गए कुख्यात बदमाशों ने मेहंदी हसन के डंडों से पीट कर हत्या करना तथा घर से 5000 की नगदी, सोने चांदी के जेवरात चुरा ले जाने की घटना स्वीकार की। इन बदमाशों ने पुलिस को बताया कि चोरी का कुछ सामान चलते-फिरते हमने बेच लिया और अवशेष सामान को बेचने के लिए हम पुनः मंगलवार देर रात्रि में थाना क्षेत्र के शमशाबाद स्टेशन समीपवर्ती एकांत टट्र वाली जगह में एकत्र हुए थे। पुलिस ने पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से₹1400 नगदी, एक पेंडल, दो जोड़ी पायल, दो अंगूठी, मृतक मेहंदी हसन का आयुष्मान कार्ड दो हाथ घड़ी आदि सामान बरामदकर आज बुधवार को जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

# किसानों ने एसडीएम को सौंपा किसानों की समस्याओं भरा पत्र

सासनी-25 सितंबर। भारतीय सरकार नीति आयोग द्वारा संबद्ध भारतीय कृषि एवं स्वास्थ्य विकास संस्थान ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने किसानों की ज्वलंत समस्याओं से भरा एक पत्र एसडीएम को सौपा है।

बुधवार को अपने पत्र में ट्रट के पदाधिकारियों ने कहा है कि भारी वर्षा के कारण किसानो की धान, बाजरा, गोभी, मिर्च, टमाटर, एवं पशुओं के हरे चारे की फसल को भारी नुकसान हुआ है जिससे किसान को लागात के अनुरूप भी फसल का मुनाफा नहीं मिल सका है।

किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है, पदाधिकारियों ने एसडीएम से किसानों के फसल की गांव भीम नगरिया, दरकौली, विघैपुर, विलखौरा, कलां और खुर्द, भोजगढी, समामई, पढील, तिलौठी, बिजहारी, सिंघर्र, भूतपुरा, अजरोई, गोपालपुर, नगला भंभूजाट, अकबरपुर सीकुर, नदौना आदि तहसील के क्षेत्र के गांव में सर्वे कराकर किसानो के नुकसान की भरपाई कराने की गुहार लगाई है। इस दौरान ट्रस्ट के जिलाध्यक्ष दुष्यन्त शर्मा, बलभद्र शर्मा, अनिल उपाध्याय, सूरज सिंह, भगवान सिंह, रूपेद्र पाठक, विवेक पाठक, मोनू तिवारी, रमेश चद्र आदि किसान और पदाधिकारी मौजूद थे।

# डीलर के यहां से गायब मिले सुपुर्दगी के 326 पैकेट चावल

## पूर्ति निरीक्षक और एसडीएम के सत्यापन के दौरान खुली धांधली की पोल 12 पैकेट गेहूं के मिले, डीलर के खिलाफ हो सकती है कड़ी कार्रवाई।

### करीब एक माह पहले गोविंदपुर के निकट ट्रक में पकड़े गए थे चावल के 500 पैकेट।

सादाबाद। कस्बा के गांव मन्स्या डीलर के यहां एसडीएम और पूर्ति निरीक्षक द्वारा किए गए सत्यापन के दौरान धांधली की पोल खुली है। उक्त डीलर के यहां पिछले महा छापेमारी में पकड़ा गया चावल में दिया गया था सुपुत्र दिए गए चावल के ट्रक में चावल के 500 पैकेट पकड़े गए थे। संबंधित कागजात न पाए जाने पर चावल के पैकेट जब्त कर मनस्या डीलर की सुपुर्दगी में दिए गए थे। एसडीएम संजय कुमार पूर्ति निरीक्षक के साथ सुपुर्दगी में रखे गए चावल का सत्यापन करने के लिए गांव पैकेट भी गोदाम में मिले हैं। जो स्टॉक से अतिरिक्त थे। चावल के पैकेट गायब होने और अतिरिक्त गेहूं के पैकेट पाए जाने के मामले में संबंधित डीलर कोई जवाब नहीं दे सका। इस सत्यापन की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई है। इस मामले में डीलर के



सैकड़ो कैट गए मिले हैं जबकि स्टॉक से अतिरिक्त सरकारी पैकेट में करीब दर्जन भर गेहूं के पैकेट भी मिले हैं इस मामले में जांच जारी है इसकी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी गई है। एसडीएम संजय कुमार द्वारा करीब एक माह पहले सीमा पर गोविंदपुर गांव के निकट एक मनस्या पहुंचे। जहां चावल रखा हुआ था, उस गोदाम का मुख्य द्वार बंद था और पीछे के दरवाजे से गोदाम में आवागमन जारी था। सुपुर्दगी में चावल के 500 पैकेट रखे गए थे लेकिन सत्यापन के दौरान ममहज 174 पैकेट ही मौके पर पाए गए। जबकि सरकारी गेहूं के 12 खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

सत्यापन के दौरान चावल के पैकेट गायब होने के चलते डीलर से काफी देर पूछताछ की गई है। अफसरों का कहना है कि धांधली सिद्ध होने पर डीलर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सफाई कर्मचारियों की हडताल जारी सांसद और एसडीएम पहुंचे मानने

सासनी-22 सितंबर। करीब दो सप्ताह से अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस अपनी सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर काम बंद हडताल पर हैं। कई राहुल पांडेय को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वह कोविड काल में किए गये कार्य वार्ष्णेय, रिक्की गुप्ता, विक्की गुप्ता, अंकुश भानु प्रताप सिंह, आकाश सिंह, सत्येंद्र सिंह, सेठी दीक्षित, रोशन सक्सेना, तथा सफाई कर्मचारियों में प्रदीप



बार वार्ता होने के भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला है, अब सफाई कर्मचारियों को मनाने के लिए सांसद और एसडीएम अपने काफिले के साथ पहुंचे, मगर कोई निष्कर्ष नहीं निकला।

करीब पंद्रह दिन पूर्व से हडताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष और ईओ के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अपनी मांगों को पूरा होने तक कामबंद हडताल पर जमे रहने की चेतावनी दी है। वहीं सफाई कर्मचारियो की हडताल से शहर में पसरी गंदगी से आमजन काफी परेशान है। इन बातों को देखते हुए भाजपा सांसद अनूप बाल्मीकी, एसडीएम प्रज्ञा यादव, एवं भाजपाई सफाई कर्मचारियों को मनाने के लिए नगर पंचायत स्थित धरना स्थल पर पहुंचे। जहां सांसद ने डीएम का भुगतान मांग रहे हैं, साथ ही उनकी अन्य मांगे भी हैं। सफाई मजदूरों की समस्या का कोई समाधान न होने के कारण उनमें भारी आक्रोश है। सफाई कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि उनकी समस्या का जब तक समाधान नहीं होता तब तक उनकी अनिश्चितकालीन कामबंद हडताल जारी रहेगी। हालांकि भाजपा सांसद और एसडीएम ने उन्हें समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन देकर हडताल समाप्त करने के लिए मनाया मगर सफाई कर्मचारी अपनी जिद पर अडे रहे।

इस दौरान भाजपा सांसद अनूप बाल्मीकि, सांसद प्रतिनिधि संदीप कुमार जादौन, पूर्व सांसद प्रतिनिधि हरीशंकर वार्ष्णेय, ध्रुव शर्मा, अविनाश तिवारी, डॉ विकास सिंह, सोमेश सोलंकी, रविकांत शर्मा, सुरेंद्र बाल्मीक, अशोक चैहान, हरीशंकर, राजेश कुमार, निक्की, नीलम, गीता, रामवीर, आकाश, सोनू, पवन, वीरीसिंह, अनिल, कविता, पूजा, रजनी, कौशल, प्रमोद, दीपक, कुलदीप, सुरजीत, दयाचंद, नीरू, सूरजमुखी, शारदा, मंजू, आदि तमाम सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

इनका कहना है

नगर पंचायत सासनी में सफाई कर्मचारी हडताल पर हैं। इनकी मांगे जायज हैं। शासनानियमानुसार सफाई कर्मचारी को समय से वेतन मिलन चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष सफाई कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल एवं स्वयं जाकर डीएम से बात करेंगें और दो दिन में हडताल समाप्त कराने की कोशिश करेंगे।-अनूप बाल्मीकी सांसद भाजपा

# महिला के मोबाइल पर गंदे मैसेज भेजने पर प्राथमिकी दर्ज

शिकोहाबाद। एक महिला के मोबाइल पर एक युवक गंदे मैसेज लिख कर भेजता है। जिससे महिला काफी परेशान है। पीड़िता ने थाने में जिस मोबाइल नंबर से मैसेज आते हैं, उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के मुहल्ला निवासी महिला ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें उसने कहा है कि उसके मोबाइल नंबर पर गंदी बातें लिख कर भेजता रहता है। जिसकी हरकतों से वह काफी परेशान हो गई है। इस संबंध में पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि शीघ्र ही आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# अटेवा पेंशन बचाओ मंच का आक्रोश मार्च आज

शिकोहाबाद। अटेवा पेंशन बचाओ मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आवाह्न पर आक्रोश मार्च बृहस्पतिवार को बाइक द्वारा सुबह 10 बजे से निकाला जायेगा। नगर में नारायण इंटर कॉलेज से तथा फिरोजाबाद में तिलक इंटर कॉलेज से बाइक से जिला मुख्यालय के लिए सभी कर्मचारी जिला मुख्यालय के लिए रवाना होंगे। फिरोजाबाद के जिला महामंत्री डॉ सहदेव सिंह चौहान ने बताया कि जनपद के सभी शैक्षिक कर्मचारी संगठनों ने इस मार्च को समर्थन दिया। इसमें मुख्य रूप से माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट,राजकीय शिक्षक संघ,यूटा,उप्र महिला शिक्षक संघ,उप्र विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ,टीचर सेल्फ केयर टीम उप्र, उप्र जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ,उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ,बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन,सीनियर बेसिक शिक्षक संघ,राजकीय नर्सेज संघ, दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ, फ्रंट अगेनस्ट एनपीएस इन रेलवे कर्मचारी संघ, लेखपाल संघ, कर्मचारी महासंघ के साथ अन्य संगठनों का भी समर्थन प्राप्त है।

डॉ सहदेव सिंह चौहान ने सभी कर्मचारियों से अनुरोध किया है बाइक लेकर हेलमेट पहनकर प्रतिभाग करें।समय का विशेष ध्यान रखें।

# राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में चयनित हुए खिलाड़ी

शिकोहाबाद। जनपदीय माध्यमिक विद्यालय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन प्रहलाद राय टीकमानी सरस्वती इंटर कॉलेज में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अजय शर्मा ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करके किया।

प्रतियोगिता में जनपद के एके इंटर कॉलेज, पाली इंटर कॉलेज तथा श्री कृष्णा आदर्श इंटर कॉलेज तेलियानी सिरसागंज,प्रहलाद राय टीकमानी सरस्वती इंटर कॉलेज के बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया। अंडर 14 बालिका वर्ग में दीपिका,श्वेता,राधा, अंडर 17 बालिका वर्ग में दीक्षा यादव,डिंपी तथा नेहा अंडर.19 बालिका वर्ग में कामिनी,शालू,सोनम अंडर 14 बालक वर्ग में आर्यन,आदित्य सिकरवार और चमन, अंडर 17 बालक वर्ग में मुनेंद्र कुमार व अजय, अंडर 19 बालक वर्ग में राघवेंद्र प्रताप,रविकांत,अनुज का चयन किया गया। प्रतियोगिता का संचालन शारीरिक शिक्षक हरि सिंह ने किया। निर्णायक मंडल में धर्मवीर श्री कृष्ण आदर्श इंटर कॉलेज,मनोज सुरजन सिंह रहे। संपर्क सूत्र के माध्यम से प्रधानाचार्य महेश चंद्र दुबे ने सभी खिलाड़ियों तथा निर्णायक का आभार व्यक्त किया।

## हड़ताल व शोक संवेदनाओं पर रोक के विरोध में अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा

शिकोहाबाद। उच्च न्यायलय द्वारा अधिवक्ता हड़ताल व शोक.संवेदनाओं पर रोक लगाने का आदेश पारित किया है। इसके विरोध में अधिवक्ताओं ने बुधवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप.जिलाधिकारी को सौंप कर अपना विरोध प्रकट किया।

उच्च न्यायलय द्वारा अधिवक्ताओं की हड़ताल व शोक.संवेदनाओं पर रोक लगाने के विरोध में रेवेन्यू वार एसोशियेशन ने बुद्धवार को हड़ताल कर अपना विरोध प्रकट किया। हरिओम यादव वार अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई, जिसका संचालन उम्मेदबाबू महासचिव ने किया। बैंठक में वक्ताओं ने कहा कि उच्च न्यायलय का आदेश अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों का हनन है। इस आदेश से हम अपने साथी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर शोक संवेदनायें व्यक्त करके न्यायिक कार्य से विरत नहीं रह पायेंगे। हम भ्रष्टाचार के विरुद्ध आन्दोलन नहीं कर सकेगे। यदि अधिवक्ता के साथ कोई अप्रिय घटना घटित हो जायेगी तब भी हम आन्दोलन या हड़ताल नहीं कर सकेगे।

अध्यक्ष ने कहा कि हमारी आजादी पर बंदिश गैर.कानूनी है जिसका हमारी वार विरोध करती है। बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप.जिलाधिकारी को सोपा। इस अवसर पर शिवकुमार शर्मा,बीएसचौहान,श्याम बाबू,अशोक यादव,कपिल श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र,दिनेश,विनोद यादव,राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,केपी सिंह,महेश कुलश्रेष्ठ,रामकिशोर राजपूत,जय कुमार आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# खड़े ट्रक में घुसा लोडर वाहन, चालक की मृत्यु

शिकोहाबाद। एटा रोड पर एफसीआई गोदाम के समीप खड़े ट्रक में अनियंत्रित लोडर वाहन (मैजिक) घुस गई। जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए अस्पताल भेजा। इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना रामगढ़ के मुहल्ला चिश्ती नगर निवासी नवी हसन पुत्र अकबर बादशाह लोडर वाहन मैजिक चाला कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था। गुरुवार को वह मैजिक लेकर एटा की तरफ जा रहा था, तभी एफसीआई गोदाम के समीप जब वह पहुंचा तो मैजिक अनियंत्रित होकर वहां खड़े ट्रक में तेज रफ्तार से घुस गई। जिससे चालक के गंभीर चोट आई। हादसे की जानकारी होते ही मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायल को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे की जानकारी होते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हुआ प्रांतीय संस्कृति महोत्सव 2024

सिकंदराराऊ।

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विद्या भारती ब्रज प्रदेश द्वारा प्रस्तावित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव 2024 का सफल आयोजन दिनांक 24 के विभाग प्रचारक गोविंद विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुभाष व प्रबंधक विनोद गुप्ता ने विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

महोत्सव के उद्घाटन सत्र में उद्बोधन प्राप्त हुआ जिसमें उन्होंने बताया के किस प्रकार यह प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में ऊर्जा का संचार करती है एवं उन्हें कुछ नया करने के लिए प्रेरित करती हैं जिससे वह अपने जीवन में उन




सितंबर 2024 से 25 सितंबर 2024 के मध्य किया गया। जिसमें ब्रज प्रांत के कुल 11 संकुलों के कुल 400 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ 24 सितंबर को सांय 5:00 बजे प्रांतीय संगठन मंत्री विद्या भारती ब्रज प्रान्त हरिशंकर ,प्रदेश निरीक्षक प्रमोद वर्मा ,सह प्रदेश निरीक्षक भूपेंद्र हरिगढ़ विभाग लोक नृत्य की प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं द्वितीय दिवस में अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी आगामी क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं में अपने ब्रज प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उद्घाटन सत्र में सभी विद्यार्थियों को संगठन मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष का लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें जिससे वह अपने जीवन को सफल बना सकें।

महोत्सव के समापन सत्र में सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के अध्यक्ष श्रीमान डॉ विष्णु सक्सेना का उद्बोधन प्राप्त हुआ। अध्यक्ष ने महोत्सव की व्यवस्था में लगे विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त आचार्य बंधु एवं बहनों का आभार व्यक्त किया।

## विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में फार्मासिस्ट सम्मान समारोह का आयोजन

हाथरस–तहसील परिसर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस के उपलक्ष में अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में फार्मासिस्ट सम्मान समारोह का आयोजन ही अंतरराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल्स की स्थापना की गई थी। जिसकी वजह से हर साल 25 सितंबर को विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है। स्वागत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ संरक्षक आलोक वार्ष्णेय ने की एवं संचालन जिलाध्यक्ष आईटी शेखर परमार ने किया।

इसके उपरांत संगठन द्वारा




हुआ। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के अलीगढ़ मंडल महासचिव राजीव चतुर्वेदी, तसीलदार चंद्र प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ संरक्षक आलोक वार्ष्णेय मौजूद रहे।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अलीगढ़ मंडल महासचिव राजीव चतुर्वेदी ने कहा कि फार्मासिस्ट दिवस को मनाने की शुरूआत अंतर्राष्ट्रीय फार्मास्युटिकल फेडरेशन एफआईपी के द्वारा इस्तांबुल तुर्की में की गई थी। साल 1912 में 25 सितंबर को

वरिष्ठ संरक्षक आलोक वार्ष्णेय ने कहा कि एक फार्मासिस्ट लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अपने सभी कर्तव्यों का निर्वहन करता है। जिसमें दवा की सही पहचान, उसकी रीस्टॉकिंग, एक्सपायरी डेट और दवाओं की उपलब्धता आदि शामिल है।

तहसीलदार चंद्रप्रकाश ने कहा कि फार्मासिस्ट चिकित्सा पद्धति की रीढ़ होते हैं।

इससे पूर्व जिलाध्यक्ष मनीष यादव ने अतिथियों का पटका,फूलमालाएं पहनाकर एवं राधाकृष्ण की प्रतिकृति भेंटकर रावत शिक्षा समिति विकलांग आवासीय विद्यालय तथा अपना घर आश्रम एवं साईं मंदिर में फल वितरित किए।

इस अवसर पर अलीगढ़ मंडल महासचिव राजीव चतुर्वेदी, संरक्षक डॉ आलोक वार्ष्णेय, जिलाध्यक्ष मनीष यादव, जिलाध्यक्ष आई टी शेखर परमार, महासचिव पुनीत सिसोदिया, उपाध्यक्ष सनी गोला, जिला सचिव भूपेंद्र सोलंकी, कोषाध्यक्ष प्रमोद चौधरी, भूपेंद्र धनगर, हरिमोहन चतुर्वेदी, रविकांत बघेल, ललित बघेल आदि मोजूद थे।

# बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज हुई विचार गोष्ठी

शिकोहाबाद। बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्राचार्या प्रोफेसर गीता यादवेन्दु के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना का 55वां स्थापना दिवस के अन्तर्गत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व सेवा योजना अधिकारी ने वालंटियर्स को राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी दी। पूर्व सेवा योजना अधिकारी डॉ. नीलम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में बताते हुए कहा कि इसकी स्थापना के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानन्द थे। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना 24 सितम्बर 1969 को हुई थी, जबकि पूर्व सेवा योजना अधिकारी प्रीति सिंह ने कहा कि युवा शक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। प्राचार्या ने स्वयंसेविकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में स्वच्छता का बहुत महत्व है और एक स्वच्छ मस्तिष्क में स्वच्छ विचार आ सकता है। स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान के बारे में जागरूकता फैलाने और पर्यावरण की रक्षा में मदद करने के लिए एक मानव श्रृंखला का आयोजन किया। इस आयोजन में स्वयंसेविकाओं एवं महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। आयोजन में भाग लेने वाली स्वयंसेविकाओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक के बजाये इकोफ्रेन्डली विकल्पों का उपयोग करने का संकल्प लिया और पर्यावरण की रक्षा हेतु जागरूकता फैलाने को प्रेरित किया।

# शराब के ठेके के समीप बेहोश मिला सभासद पति

## चेयरमैन प्रतिनिधि ने सभासद पति को फिरोजाबाद रेफर कराया

शिकोहाबाद। बुधवार दोपहर दो बजे के करीब नौशहरा के समीप हाईवे स्थित एक शराब के ठेके के समीप सभासद आसमा बेगम के पति बेहोसी की हालत में पड़े मिले। जानकारी होने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

वार्ड नंबर 16 आदर्श टाकीज के सामने की नगर पालिका सभासद आसमा बेगम के पति इजहार (35) पुत्र अशफाक खान संदिग्ध अवस्था में बेहोशी की हालत में शराब के ठेके के पास पड़े मिले। जब लोगों ने उन्हें बेहोशी की हालत में देखा तो घटना की जानकारी सभासद और उनके स्वजनों को दी। जानकारी होते ही थाना पुलिस के अलावा मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने बेहोशी की हालत में सभासद पति को अस्पताल में भर्ती कराया है। इमरजेंसी में तैनात स्टाफ ने उनका उपचार शुरू कर दिया। गंभीर हालत को देखते हुए स्टाफ ने उन्हें फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। सभासद पति की हालत खराब होने की जानकारी होने पर चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता भी अस्पताल पहुंच गये।

बताया जाता है कि सभासद पति ने कोई विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया है। उनका फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। सभासद पति द्वारा विषाक्त खाने को लेकर कई तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। जितने मुंह उतनी बातें हो रही हैं।

# पीड़ित परिवारों के घर पहचे विधायक आर्थिक मदद और समाधान का दिया भरोशा

जसराना: क्षेत्र में खुले में घूम रहे गौवंशों के हमले से हुई दुखद घटनाओं के बाद, विधायक इं. सचिन यादव ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। हाल ही में औऱ मजदूरी करने जा रहे पप्पू की गौवंश के हमले से घायल होने की जानकारी मिलने के बाद जसराना विधायक ई सचिन यादव मंगलवार को पीड़ित परिवार से मिले और उन्हें हर सम्भव मदद का भरोषा दिया। होगी, उसे तुरंत उपलब्ध कराने का वादा किया। विधायक इं. सचिन यादव का भाजपा नेता रतनपाल सिंह चौहान के घर जाना और इस मुश्किल घड़ी में संवेदनाएं प्रकट करना लोगों के बीच प्रशंसा का विषय बन गया




गौवंश के हमले से वाहन की चपेट में आकर जान गवा देने बाले युवक रानू की मौत हो गई थी। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। वही गौवंश के हमले से घायल पप्पू हुए अन्य लोगों के परिवारों से भी विधायक ने मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। खुले घूम रहे गौवंश के हमले से ट्रक के नीचे आये युवक रानू की मौत विधायक ने कहा कि खुल्ला घूम रहे गौवंश की समस्या को लेकर जनता में गहरी चिंता है और इसे विधानसभा में प्रमुखता से उठाया जाएगा।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस गंभीर मुद्दे का समाधान निकालने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही, उन्होंने पीड़ित परिवार को अपनी ओर से जो भी संभव सहायता है। उनके इस कदम को राजनीति से ऊपर उठकर मानवीय संवेदनाओं का प्रतीक माना जा रहा है।

जनता ने भी विधायक की इस पहल की सराहना की है और गौवंश की समस्या के समाधान की उम्मीद जताई है। वही विधायक कस्बा के अन्य शोकाकुल परिवारों के यहां भी पहुचे।

# प्रसव के दौरान सौ शैय्या अस्पताल में प्रसूता और नवजात बालिका की मौत

## परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए किया जमकर हंगामा

फिरोजाबाद, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध सौ शैय्या महिला अस्पताल में प्रसव के दौरान प्रसूता सहित नवजात बालिका की मौत हो गयी परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट सहित थाना उत्तर



पुलिस व सीओ मौके पर पहुँच गये। जहां काफी देर तक समझाने के बाद मामला शांत कराया और दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये शव विच्छेदन ग्रह में रखवा दिये गये

थाना रसूलपुर क्षेत्र के खंजा पुर निवासी भगवान सिंह की 40 वर्षीय पत्नी राजेश्वरी देवी बुधवार की प्रात प्रसव पीड़ा से परेशान हुई तो परिजन उसे सौ शैय्या हॉस्पिटल डिलीवरी के लिये लेकर आये। जहाँ उसे भर्ती कर लिया जहाँ उसने प्रसव के दौरान एक बालिका को जन्म दिया। उसी दौरान उसकी हालत बिगड़ गयी। और प्रसूता व उसकी नवजात बालिका ने दम तोड़ दिया। दोनों की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में आक्रोश व्याप्त हो गया। और उन्होंने हॉस्पिटल में जमकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा होते देख सौ शैय्या चिकित्सालय में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सको व स्वास्थ्य कर्मियों में अफरा तफरी का माहौल व्याप्त हो गया। अस्पताल उपचार के लिये आयी अन्य रोगियों में हड़कम्प मच गया। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं भी बाधित हो गयी। सूचना मिलते ही सीओ सिटी व थाना उत्तर पुलिस के अलावा सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भी सौ शैय्या हॉस्पिटल पहुँच गये। जहां उन्होंने मृत प्रसूता के परिजनों को समझाने का भरसक प्रयास किया। परन्तु परिजन कुछ भी सुनने को तैयार नही थे। प्रसूता के सास ने बताया कि हमने ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक से कहा था कि अगर आप से हालत नही सम्भल रही है , तो अन्य जगह रेफर कर दो, लेकिन किसी ने भी हमारी कोई बात नही सुनी , और बच्चे सहित दोनों की मौत हो गयी। तथा ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर व स्टाफ ने घोर लापरवाही बरती है। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बलवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बच्चे का बजन अधिक होने के कारण प्रसव के दौरान दोनों की मौत हो हुई है। डॉक्टरों व अन्य स्टाफ ने उन्हें बचाने की हरसंभव प्रयास किया लेकिन उन्हें बचाया नही जा सका। इधर सूचना मिलते ही प्रसूता का पति जो किसी कार्यवश बाहर गया हुआ था। वह भी मौके पर पहुंच गया। और मौके पर मौजूद अधिकारियों के समझाने के बाद प्रसूता व बालिका के शवों को पोस्टमार्टम के लिये विच्छेदन ग्रह में रखवा दिया। इधर उसके बाबजूद भी समाचार लिखे जाने तक परिजनों का हंगामा जारी था।

# युवक को गोली मारकर किया घायल

फिरोजाबाद थाना फरिया



क्षेत्र के गांव नगला नोझर में बुधवार की प्रात: एक दबंग ने एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया पुलिस ने युवक का डॉक्टरी परीक्षण सरकारी ट्रामा सेंटर में कराया है नगला नोझर निवासी 25 वर्षीय विवेक पुत्र राधेश्याम का मंगलवार की शाम गांव के ही ओमवीर पुत्र दलबीर सिंह से विवाद हो गया और मारपीट हो गई ग्रामीण ने मामले को शांत करा दिया बुधवार की प्रातः विवेक किसी कार्य से पिलख्तर गया था वह कार्य समाप्त कर घर लौट रहा था आरोप है तभी रास्ते में ओमवीर ने उसे घेर लिया और गोली मार दी जो उसकी बाह में लगी सूचना मिलते ही विवेक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और वह विवेक को लेकर थाने पहुंचे और घटना से अवगत कराया पुलिस ने युवक का डाक्टरी परीक्षण सरकारी ट्रामा सेंटर में कराया है

# ट्रक मैं चालक का शव मिलने से मचा हड़कंप

फिरोजाबाद थाना टूंडला क्षेत्र के नवाब सिंह डिग्री कॉलेज के समीप खड़े ट्रक में चालक का सब मिलने से हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है

नवाब सिंह डिग्री कॉलेज के समीप बुधवार की प्रातः लोगों ने खड़े ट्रक में एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा तो मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने शव को कब्जे में ले लिया मृतक की जेब से निकले कागजातों के आधार पर उसका नाम 55 वर्षीय सुभाष चंद्र पुत्र स्वर्गीय परशुराम निवासी ततावनी थाना शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश लिखा था पुलिस ने बताया कि मृतक ट्रक चालक था मृतक के परिजनों और ट्रक मालिक को सूचना दे दी है पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई जहां शव को बिछेदन ग्रह में रखवा दिया है पुलिस के अनुसार की मौत बीमारी के कारण हुई है उन्होंने बताया चालक के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण ज्ञात हो सकेगा

# करंट लगने से युवक की मौत

जसराना। टीटीएसपी पर नहाते समय अचानक युवक को करंट लग गया। चीख पुकार मचने पर अन्य लोगों ने उसे अलग किया। उपचार के लिए लेकर गए तो चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। ससुर द्वारा अवगत कराने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

नगला खुन्नी झपारा निवासी 27 वर्षीय आरिफ पुत्र सरीफ अली मंगलवार की सायं गांव के बाहर लगी टीटीएसपी पर नहा रहा था। नहाते समय टीटीएसपी को भरने के लिए लगी समरसेविल को चालू कर दिया। जैसे ही आरिफ ने नहाना शुरू किया अचानक उसे करंट लग गया। करंट लगने पर वह दूर जाकर गिरा तो वहां मौजूद लोगों में चीख पुकार मच गई। लोगों ने आनन-फानन में समरसेविल को बंद करने के साथ ही उसे पानी से दूर किया। सूचना मिली तो परिजन भी पहुंच गए और उसे उपचार के लिए लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि आरिफ अपनी पत्नी एवं तीन बच्चों के भरण पोषण के लिए मजदूरी करता था।

मजदूरी कर सायं लौटने पर वह टीटीएसपी पर नहा रहा था इसी दौरान हादसा हो गया। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने कहा युवक की करंट लगने से मौत हुई है।

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कार्रवाई की जा रही है।

# छोटे बड़ों का सम्मान करें, और बड़े छोटों को प्यार दें

## कथा के चौथे दिन महर्षि भरद्वाज तथा ऋषि यागवलक्य संवाद सुनाया

शिकोहाबाद। श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास ने कथा पंडाल में बैठे लोगों से कहा कि छोटे बड़ों का सम्मान करें और बड़े छोटों को प्यार।

आजकल देखा जा रहा है कि कोई किसी को सम्मान नहीं दे रहा है। इससे लोगों में एक दूसरे के प्रति कटुता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि जब छोटे बड़ों को सम्मान देंगे तो बड़े छोटों को प्यार करेंगे। जब एसा होगा तो राम राज्य की कल्पना साकार होगी।

उक्त विचार मानस भवन मेला वाले बाग में काशी पीठाधीश्वर डॉ राम कमल वेदांती महाराज ने व्यक्त किये। उन्होंने श्री रामचरितमानस बालकांड में श्री राम कथा के शुभारंभ तीर्थराज प्रयाग की धरा पर महर्षि भरद्वाज तथा दीर्घजीवी ऋषि याज्ञवल्क्य के ज्ञानमय संवाद को विस्तार से समझाया।

महर्षि भरद्वाज ने तत्ववेत्ता ऋषि याज्ञवल्क्य जी से बड़े संकोच के साथ पूछा है कि दशरथ तनय राम तथा परब्रह्म राम दोनों एक ही है

अथवा अलग.अलग। इस संदर्भ में महर्षि याज्ञवल्क्य ने श्री राम के व्यापक ऐश्वर्यमय रूप का वर्णन करने के लिए भगवान शिव के चरित का शुभारंभ किया है।

वें इन्हीं भगवान श्री राम की कथा श्रवण करने के लिए भगवती सती के साथ ऋषि अगस्त के आश्रम में चलकर जाते हैं ।

स्वामी वेदांती ने कहा कि कथा श्रवण के साथ हमें कथा में बताए गए सद्गुणों को भी अपने जीवन में उतारना चाहिए ।

इस अवसर पर कथा के यजमान विपिन गर्ग एवं उनकी पत्नी रजनी गर्ग ने रामायण पूजन के साथ कथा व्यास का पूजन किया ।इस मौके पर मानस सेवा समिति के रामकुमार गुप्ता,देवेंद्र शर्मा एडवोकेट,राज पचोरी, केशवदेव गुप्ता,प्रवीण शर्मा, कमलेश फौजी,नंदकिशोर अ ग्र वा ला , र ा ज वी र सिंह,रामशरण, सत्येंद्र सिंह चौहान, धर्मेंद्र वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# सामाजिक संस्था और पालिक परिषद ने चलाया सफाई अभियान

शिकोहाबाद। रेलवे स्टेशन स्थित स्वामी नगर नहर की पटरी पर भारत सरकार गृह मंत्रालय के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शिवा पर्यावरण कृषि एवं महिला उत्थान सेवा समिति और नगर पालिका परिषद ने संयुक्त रूप से सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नहर पटरी,कुष्ठ आश्रम,मलिन बस्ती और स्टेशन रोड, माल गोदाम तक समाज सेवी पदधिकारी एवं पालिका के कर्मचारी ने स्वच्छता अभियान चलाया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि राजीव गुप्ता ने श्रमदान कर सफाई कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने सफाई के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लोगो ने नारेबाजी भी की। जहाँ होगी सफाई, वहाँ न होगी दवाई।

अधिसासी अभियन्ता सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने सफाई के प्रति सफाई कर्मचारियों को जागरूक करते हुये कहा। अपने घर की तरह सफाई करनी चाहिए। सफाई प्रभारी दिनेश यादव, कुलदीप एस आई ने विचार व्यक्ति किये। भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष शिवम दीक्षित ने स्वच्छता ही सेवा है, संस्था शिवा पर्यावरण सचिव रामप्रकाश गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर रजनीश यादव, नीरज राजपूत, रमेश ठाकुर, आकाश गुप्ता, शिवकुमार, राजेश, रिन्कू, प्रमोद कुमार आर्य, नाहर सिंह भदौरिया, सोमेश, सुमन चौहान और फूलवती आदि उपस्थित रहे।

# न्यायिक कार्य से विरत रह अधिवक्ताओं ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

जसराना। प्रयागराज में हुए अधिवक्ता मौलिक अधिकार संरक्षण अधिवेशन के दौरान पारित हुए प्रस्ताव के तहत जसराना में अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य नहीं किया। इस दौरान एसडीएम को चार सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा गया। एसडीएम लागू होना अनिवार्य है। वहीं कहा कि नए अधिवक्ताओं को प्रोत्साहन राशि मिलने के साथ ही बुजुर्ग अधिवक्ताओं को




बुधवार को जसराना तहसील के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम जसराना को सौंपा।

बार काउंसिल के आहवान शिवध्यान पांडेय को सौंपे ज्ञापन में कहा कि आए दिन अधिवक्ताओं की हत्याओं के समाचार प्राप्त हो रहे हैं जो कि निंदनीय है। अधिवक्ताओं के अधिकार एवं जीवन की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता मौलिक अधिकार संरक्षण अधिनियम पेंशन राशि मिलने की व्यवस्था की जाए। इस दौरान अध्यक्ष बलबीर सिंह, सचिव बृजकिशोर, राकेश कुमार, ओंकार सिंह, संजय यादव, मुन्नेश, कृपाल सिंह, संतोष कुमार, नंदकिशोर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# स्कूल की बाउंड्रीबाल के घटिया निर्माण की शिकायत पर जांच करने पहुँचे एसडीएम, सभासद बोले निर्माण से नही है संतुष्ट

जसरानाः नगर पंचायत द्वारा संचालित टाउन एरिया स्कूल की बाउंड्रीबाल के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग और आई शिकायत पर जांच करने पहुचे एसडीएम शिवध्यान पांडे को सभासद पप्पन ने बताया कि बाउंड्रीबाल में निम्न स्तर की भी आश्वासन दिया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और स्कूल की सुरक्षा और संरचना



बाउंड्रीबाल को तय सीमा से छह फीट पीछे करके निर्माण करने के मामले में सभासदों द्वारा की गई शिकायत पर मंगलवार को एसडीएम शिवध्यान पांडे जांच को पहुंचे। एसडीएम ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और बाउंड्रीबाल की गुणवत्ता की परख को जल्द टीम बुलाये जाने की बात कही।

नगर पंचायत जसराना के सभासदों ने निर्माण में हो रही अनियमितताओं को लेकर अपनी आपत्ति जताई। लेकिन उस दौरान किसी ने कोई कार्यवाही नही की, इस दौरान बाउंड्रीबाल का निर्माण भी हो गया जिस पर सभासदों ने मंडल आयुक्त रितु माहेश्वरी से शिकायत कर जांच की मांग की। मंडल आयुक्त द्वारा जांच को सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उसकी मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं।

इसके अलावा, बाउंड्रीबाल को तय सीमा से पीछे करके बनाया जा रहा है, जिससे विद्यालय की सुरक्षा में भी कमी आ सकती है।

एसडीएम शिवध्यान पांडे ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली और सभासदों की शिकायतों को गंभीरता से लिया।

उन्होंने निर्माण में अनियमितताओं को लेकर मौके का निरीक्षण किया है, और सबूत एकत्रित जल्द ही इस मामले की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह को प्राथमिकता दी जाएगी।

—वही अधिशाषी अधिकारी अवनीश कुमार ने कहा कि सभासदों की शिकायत पर एसडीएम द्वारा जांच की जारही है, जरूरत पड़ने टेक्निकल टीम को बुलाकर जांच निष्पक्षता से कराई जाएगी।

वही सभासद पप्पन रंगरेज, गिरधर मिश्रा और अरविंद बालमीक ने कहा कि बच्चों के भविष्य से खिलबाड़ नही होने दिया जायेगा। जांच कराने को मंडलायुक्त से मिले है उन्होंने निष्पक्ष नाच का भरोषा दिया है।

जसराना नगर पंचायत द्वारा बनाई गई स्कूल की बाउंड्रीबाल की गुणवत्ता की जांच को पहुचे एसडीएम शिवध्यान पांडे, साथ मे ई ओ अवनीश कुमार व अन्य ।

# ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी जैन ने 2000 विद्यार्थियों को दिलाई स्वच्छ भारत अभियान की शपथ

सिरसागंजः- नगर पालिका परिषद, सिरसागंज के तत्वाधान में नगर पालिका अध्यक्ष रंजना गुरुदत्त सिंह के निर्देशन में स्वच्छ भारत अभियान सिरसागंज के ब्राण्ड एम्बेसडर अश्वनी कुमार जैन ने श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज सिरसागंज में विद्यालय मेरे परिवार से, मेरे मुहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्यस्थल से शुरूआत करूँगा। मैं यह मानता हूँ कि दुनियां के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गन्दगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। जैन, सत्यपाल सिंह, शिव कुमार, निर्भय जैन, रामगोपाल, नितिन जैन, प्रशान्त जैन, हरीशंकर, योगेश श्रीवास्तव, अमित जैन, कुलदीप जैन, श्रीमती सुकीर्ति चतुर्वेदी, सारिका कुलश्रेष्ठ, साधना मोडवेल, पारुल कुशवाह, नैन्सी जैन आदि



के प्रधानाचार्य नीरज कुमार जैन के साथ 2000 से भी अधिक विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाई।

अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान की शपथ दिलाते हुए कि मैं स्वंय स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा और उसके लिए समय दूँगा। हर वर्ष सौ घण्टे यानी हर सप्ताह दो घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा। मैं न गंदगी करूँगा और न किसी को करने दूँगा। सबसे पहले मैं स्वंय से , इस विचार के साथ मैं गाँव-गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा। मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छ भारत अभियान में अधिक से अधिक जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संजय कटारा, संजीव कुमार जैन, ध्रुव कान्त झा, सुनील जैन, परेश जैन, शैलेंद्र जैन, दुर्गेश नंदन श्रीवास्तव, धीरज जैन, अंजय उपस्थित रहे।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399. 9411927251, 9259041013, 9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com